तापमान

अधिकतम 26.1 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]



रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 पर यात्रियों के साथ खड़ा बैल।

## खबर संक्षेप

### जिला शहर कांग्रेस की बैठक आज

**बिलासपुर।** कांग्रेस भवन में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे जिला, शहर कांग्रेस की बैठक रखी गई है। यह बैठक पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल लेंगे। यह बैठक 7 जुलाई को रायपुर में होने वाली आमसभा के संबंध में होगी। रायपुर की आमसभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट सहित प्रदेश के कांग्रेस के सारे बड़े नेता शामिल होंगे। इसी कार्यक्रम के लिए विधायक उमेश पटेल को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की बैठक 6 को

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ की रविवार 6 जुलाई को मासिक बैठक आयोजित की गई है। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी परिसर में 6 जुलाई को सुबह 10 बजे भगवान श्री परशुराम की महाआरती, वरिष्ठजनों द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। मंच द्वारा जुलाई में आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा एवं भोज का आयोजन किया गया है ।

### विद्यालय में चयन परीक्षा के लिए 29 तक आवेदन

**बिलासपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा में शामिल होने 29 जुलाई तक विभागीय वेबसाईट navodaya.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर को होगी है। वे अभ्यर्थी जिन्होंने शासकीय स्कूल या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय से सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं की परीक्षा उत्तीर्ण हो और जिनकी आयु 1 मई 2014 से पहले तथा 31 जुलाई 2016 के बाद का नहीं होने चाहिए।

### माल लदान में रेलवे ने रचा कीर्तिमान

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश की ऊर्जा और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिसने माल लदान और राजस्व अर्जन में प्रथम तिमाही में नया कीर्तिमान रचने का काम किया है। एसईसीआर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही अप्रैल से जून 2025 में माल लदान और राजस्व अर्जन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। इस अवधि के दौरान रेलवे ने 64.61 मिलियन टन माल लदान किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 2.03 फीसदी अधिक है। केवल लदान ही नहीं, एसईसीआर ने माल ढुलाई से 7807.88 करोड़ रुपए की आय अर्जित की, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आय 7404.06 करोड़ थी।

# मृत साले का भी मेडिकल बिल बनवा लिया, परिजनों के नाम पर 30 लाख निकालने की साजिश, स्वास्थ्य विभाग का फर्जी स्टांप और साइन भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

बिल्हा ब्लाक के एक स्कूल में पदस्थ शिक्षक ने चिकित्सा सुविधा के नाम पर बोगस मेडिकल बिल जमा कर 30 लाख रुपए निकालने की साजिश रच ली। इससे पहले की बिल भुगतान होता, कलेक्टर से इस मामले की शिकायत कर दी गई। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जांच में बात सामने आई है कि इस तरह का कोई बिल स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी ही नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले में एफआईआर की की अनुशंसा भी की गई है लेकिन शिक्षा विभाग के आला अधिकारी इस चहेते को बचाने में लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि एक भी बिल जारी नहीं किया गया है और किसी में हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। सभी कूटरचित और फर्जी दस्तावेज हैं जिसमें फर्जी स्टांप और साइन किए गए हैं। खास बात है कि आरोपी शिक्षक ने इस बार अपने और अपनी पत्नी, अपने साले (एक जीवित, एक मृत) के नाम पर बिल लगाकर पूरा खेल खेला है।

बिल्हा ब्लॉक में पदस्थ शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और परिजनों के नाम पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा में फर्जी मेडिकल बिल जमा किया। फर्जी मेडिकल बिल को विभाग ने राज्य कार्यालय को फारवर्ड कर राशि भी मंगा ली। भुगतान होता इसके पहले ही शिकायतकर्ता धनंजय ने बिलासपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर बिल्हा ब्लाक में फर्जी मेडिकल बिल के नाम पर फर्जीवाड़ा की शिकायत की है। शिकायत में लिखा है कि शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और अपने परिजनों के नाम पर बीईओ कार्यालय बिल्हा में 30 लाख का बिल प्रस्तुत किया है।

- स्वास्थ्य विभाग ने जांच में सभी दस्तावेज फर्जी और कूटरचित पाया, एफआईआर कराने कहा
- 32 हजार का बिल 5 लाख 33 हजार का और 77 हजार का बिल 7 लाख 32 हजार का किया




### जिस वक्त बीमार बताया, उस वक्त ड्यूटी में था

प्रारंभिक जांच में बात सामने आई है कि शिक्षक ने जिस वक्त अपने आपको बीमार बताकर इलाज का बिल पेश किया है उस वक्त ड्यूटी में भी उपस्थित था। शिकायत के अनुसार साधे लाल पटेल ने 29 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय से स्वीकृत बिल कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार 77,564 रुपए की राशि उसके द्वारा इलाज पर खर्च की गई है, जिस बिल को लेकिन शिक्षक साधेलाल पटेल ने जमा किया है, वह बिल मूल रूप से शिक्षक असीम वर्मा का है, जिसको कूटरचित कर प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार अपने परिचित उमाशंकर चौधरी का 27 अगस्त 2024 को 5 लाख 42 हजार 535 रुपए का बिल प्रस्तुत किया है जो की मूल रूप से असीम वर्मा का है और कुल बिल एक लाख 43,000 रुपए का ही है। इसी तारीख को स्वीकृत एक और बिल राजकुमारी पटेल का है जो 4 लाख 3 हजार 327 रुपए का है जबकि मूल रूप से यह बिल 47 हजार का है।

### दूसरे के नाम की बिल की कूटरचना

जांच में बात सामने आई कि इन सभी बिलों को एडिट किया गया और बढ़ाकर नया बनाया गया और शिक्षा विभाग में पेश किया गया। इसी प्रकार एक बिल स्व नरेंद्र कुमार चौधरी के नाम से 5 लाख 33 हजार 123 रुपए का प्रस्तुत किया गया है। यह बिल जिला चिकित्सालय से 18 जनवरी 2022 को पास किया जाना बताया गया है, जबकि मूल रूप से यह बिल 32 हजार रुपए का है। इसके साथ ही राजकुमारी पटेल के नाम से 7 लाख 32 हजार 841 रुपए का फर्जी बिल प्रस्तुत किया गया है। यह बिल भी जिला अस्पताल ने जारी नहीं किया है।

### दो महीने में जांच रिपोर्ट पेश नहीं

इस पूरे मामले में दो मई 2025 को जांच अधिकारी ने पत्र लिखकर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक से मेडिकल बिल के संबंध में जानकारी मांगी थी। 14 मई को अस्पताल अधीक्षक ने शिक्षा विभाग के जांच अधिकारी को जानकारी देते हुए बता दिया है कि सभी बिल फर्जी हैं और कूटरचना करके तैयार किए गए हैं और उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के जांच अधिकारियों को इस मामले में एफआईआर दर्ज कराकर अवगत कराने के लिए भी कहा। जैसे ही जांच रिपोर्ट अधिकारियों के पास पहुंची मामला ठंडा पड़ गया और आज पर्यंत शिक्षा विभाग के जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नहीं सौंपी है।

### जांच दल का किया गया गठन

इस मामले में दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जांच कमेटी में हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य एसके कश्यप व हायर सकेंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे शामिल हैं। अभी जांच जारी है जिसमें प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी गई है। स्वास्थ्य विभाग का भी प्रतिवेदन मिल गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी।

**- अनिल तिवारी,** जिला शिक्षा अधिकारी



व्यापार विहार रोड पर लगी वाहनों की कतार।

# आषाढ़ में लगी सावन सी झड़ी

## पारा 6 डिग्री नीचे, सड़कों पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

झमाझम बारिश का दौर शुरू हो चुका है, दो दिनों के लगातार बारिश हो रही है। बुधवार से शुरू हुई बारिश गुरूवार को भी जारी रही, महज 10 घंटे के भीतर 17.6 मिमी बारिश दर्ज की गई।

रह-रह कर हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया और स्कूल-कालेज बच्चों के साथ ही दफ्तर जाने वालों को भी खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। लोग सड़क पर रेनकोट और छाते में ही दिखाई दिए, हालांकि शाम 4 बजे के बाद मौसम ने राहत दी और बारिश बंद हो गई है।

- सुबह से रूक-रूक कर हो रही बारिश ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त।

मानसूनी हवाओं के चलते आषाढ़ में सावन की झड़ी लग चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार मानसूनी हवाओं के कारण प्रदेश भर में बारिश हो रही है, इस दौरान नदी-नाले उफान मारने लगे हैं। पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश के कारण तापमान 6 डिग्री नीचे आते हुए 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जिले के लिए यलो अलर्ट है, लेकिन प्रदेश के कई जिले आरेंज अलर्ट में है। बारिश के कारण सड़कों पर कुछ देर के लिए जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई, वहीं वाहनों की आवाजाही के कारण गड्ढे पनप चुके हैं, जिससे हादसे होने का अंदेशा बना हुआ है। खास बात यह है कि महज हल्की और मध्यम बारिश में शहर का हाल बुरा हो चुका है, ऐसे में आगामी बारिश में सड़क पर चलना दूभर होगा।



रिमझिम बारिश का आनंद लेते स्कूली बच्चे।

### ट्रैफिक सिग्नल के कारण अव्यवस्था

यातायात विभाग द्वारा बारिश के दौरान कुछ प्रमुख चौक चौराहों पर सिग्नल बंद कर दिए गए थे, लेकिन गांधी चौक, तारबहार चौक, बसस्टैंड जैसी जगहों पर सिंगल चालू रहे। इस दौरान झमाझम बारिश के दौरान भी लोगों को 100 सेंकेंड के लिए रूकना पड़ा, खास बात यह है कि इस दौरान स्कूली बच्चों को जबरिया रूकना पड़ा, जिससे उन्हें बारिश में दिक्कत होती रही।

### द्रोणिका के कारण हो रही बारिश

मानसूनी हवाओं के चलते द्रोणिका सक्रिय है। इस दौरान बीकानेर, वनस्थली, शिवपुर, चाईबासा और दीघा से होकर बंगाल की खाड़ी तक द्रोणिका बन चुकी है। अरब सागर से गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ होते हुए गंगा की तटीय इलाकें और उड़ीसा के ऊपर समुद्र तल से 3.1 व 5.8 किमी तक चक्रवाती परिसंरण बना हुआ है। जिससे प्रदेश में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 12 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है।

### जम्पर कटने और डियो खराब होने से बंद रही बिजली

बारिश के कारण कुछ जगहों पर बिजली बंद का सामना करना पड़ा,जम्पर कटने और डियो खराब होने के कारण बिजली बंद रही। इस दौरान बार-बार 11 केवी व 33 केवी लाइन भी ब्रेकडाउन होती रही। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण बिजली कर्मचारियों को मरम्मत के लिए जूझना पड़ा। बिजली बंद की स्थिति से एक बार फिर उपभोक्ताओं को दिक्कतें सहनी पड़ रही हैं। गुरूवार को नूतन चौक, सरकंडा में सुबह 8 बजे से 1.25 बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान ट्रांसफार्मर का डियो खराब होने की वजह से सप्लाई बाधित रही। बिजली विभाग में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कर्मचारियों को आने में काफी समय लगा। वहीं मिलन चौक, शेफर स्कूल, मंगला जैसे इलाकों में भी बिजली बाधित रही। दरअसल नेहरु नगर डिविजन में नेहरु चौक के पास 4 जगह तार में पेंड़ का डंगाल गिर गया जिसके कारण बिजली 4 घंटे तक बंद रही।

### शेड नहीं तो बारिश में यात्रियों को छाता लेकर चलना मजबूरी

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में अब तक शेड का विस्तार रेल प्रशासन ने नहीं किया है, जिसके कारण बारिश के मौसम में ट्रेन से उतरने और सवार होने वाले यात्रियों को छाता का सहारा लेना मजबूरी हो गई है। 14 करोड़ रुपए की लागत से उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करते हुए जीर्णोद्धार करने का काम किया जा रहा है। लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म के अंदर के मुख्य कार्य पर रेल अफसरों की नजर नहीं पड़ रही है।



# आनलाइन लूडो किंग में सट्टा खिलाते 4 सटोरिए गिरफ्तार




पुलिस हिरासत में आरोपी।

**बिलासपुर।** आनलाइन गेमिंग लूडो किंग में 20 प्रतिशत कमीशन में सट्टा खिलाते मध्य प्रदेश के 4 सटोरियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 5 मोबाइल, 1 लैपटाप, दो रजिस्टर में लाखों की सट्टापट्टी जब्त की गई है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली स्वर्णिम ऐरा कालोनी के एक मकान में वाट्सएप में ग्रुप बनाकर एप उपलब्ध कराकर आनलाइन लूडो में सट्टा खिलाया जा रहा है। उनके निर्देश पर एसआई कृष्णा साहू, संजीव जांगड़े, विवेक राय एवं अन्य ने कालोनी के मकान नम्बर 152 में दबिश देकर 4 सटोरियों को पकड़कर 5 मोबाइल, लैपटाप बरामद किया है। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सटोरिए श्याम ने लूडो क्लब 47/7 के नाम से ग्रुप बनाया था और उसमें लगभग 150 लोग शामिल थे। लोगों को एप उपलब्ध कराकर कोर्ड देकर 20 प्रतिशत कमीशन में लूडो में हार जीत का जुआ खिला रहे थे। दो खिलाड़ी आपस में लूडो खेल रहे हैं, जो जीतता था तो उसका स्क्रीन शाट सटोरियों को भेजता था। सटोरिए 20 प्रतिशत कमीशन काटकर जीत के शेष रकम जीतने वाले को देते थे।

### पकड़े गए सटोरिए

- राहुल छाबड़ा पिता मोहित लाल छाबड़ा 25 साल मिरानी कालोनी सिंधी मोहल्ला शहडोल
- सुमित चांदवानी पिता जगदीश चांदवानी 19 साल रानीतलवा सिंधु भवन शहडोल
- ओमप्रकाश नागवानी पिता विजय कुमार नागवानी 20 साल सिंधी कैम्प मोतीनगर सागर मध्य प्रदेश
- मोहित बर्मन पिता राजाराम बर्मन 25 साल मोहनपुरी कालोनी उमरिया

### शहडोल के खाईवाल खिला रहे थे सट्टा

खाईवाल मध्य प्रदेश शहडोल निवासी राहुल छाबड़ा रिश्तेदारों के साथ स्वर्णिम ऐरा कालोनी में किराए का मकान लेकर आनलाइन लोगों को जोड़कर सट्टा खिला रहा था। सटोरियों ने एक महिला के नाम पर बैंक खाता खोलकर रखा था, जिससे सट्टा खिलाने वालों से पैसा जमा कराया जाता था।

कंपनी की रिपोर्ट के आधार पर तैयार होगी निर्माण की रूपरेखा

# अपनी जमीनों की उपयोगिता जानने निगम कर रहा कंसल्टेंसी हायर करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम सीमा क्षेत्र में मौजूद निगम की जमीनों की उपयोगिता का पता लगाने जल्द ही एक कंसल्टेंसी हायर करने की तैयारी की जा रही है। कंसल्टेंट एजेंसी नगर निगम के स्वामित्व वाली सभी जमीनों का सर्वे कर एरिया डेवलपमेंट की प्लानिंग करेगी। यह प्लानिंग वहां की बसाहट, लोगों की जरूरत एवं निर्माण में होने वाले अनुमानित खर्च के आधार पर की जाएगी। । कंसल्टेंट एजेंसी की रिपोर्ट के आधार पर निगम प्रशासन संबंधित क्षेत्रों में विकास की दिशा में अपना अगला कदम उठाएगा।

- क्षेत्र की बसाहट, जरूरत और खर्च के आधार पर रिपोर्ट देगी कंपनी

नगर निगम प्रशासन अपनी एक-एक इंच जमीन के सार्थक उपयोग के लिए कंसल्टेंसी हायर करने की तैयारी में है। नगर निगम के पास विभन्न क्षेत्रों में उपलब्ध जमीनों की एरिया और बसाहट के दृष्टिकोण से अलग-अलग उपयोगिता है। कंसल्टेंट एजेंसी निगम क्षेत्रों में उपलब्ध उन जमीनों का भौतिक स्तर पर सर्वे कर वहां की बसाहट और जरूरत के आधार पर एक व्यवस्थित डेवलपमेंट प्लान तैयार करेगी। एजेंसी से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद निगम प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्रों में हाऊसिंग सिटी, कमर्शियल सिटी या मेडिकल सिटी जैसे बड़े प्राजेक्ट की स्थापना पर काम किया जा सकेगा।

### यहां उपलब्ध हैं नगर निगम की जमीन

नगर निगम के पास वैसे तो पूरे शहर में जमीन उपलब्ध है, लेकिन किसी बड़े और सुनियोजित निर्माण के लिए अधिकाधिक जमीन की जरूरत होगी। इन प्रयोजनों की पूर्ति के लिए निगम के पास मंगला, चांटीडीह, कारीछापर एवं दोमुहानी क्षेत्रों में जमीन उपलब्ध है। यहां निगम प्रशासन द्वारा अपने बड़े प्रोजेक्ट भी आसानी से स्थापित किए जा सकते हैं।

### जमीन का होगा सार्थक उपयोग

नगर निगम के पास निगम एरिया में बहुत सारी जमीन उपलब्ध है। इन जमीनों की सार्थक उपयोगिता का पता लगाने एक कंसलटेंसी हायर करने की प्लानिंग है। कंसल्टेंट एजेंसी संबंधित एरिया की बसाहट, वहां की जरूरत और निर्माण में खर्च होने वाली संभावित राशि को ध्यान में रखकर एरिया डेवलपमेंट का प्लान तैयार करेगी। इसी आधार पर सुनियोजित और व्यवस्थित तरीके से शहर विकास की दिशा में अगला कदम उठाया जाएगा।

**-अमित कुमार,** आयुक्त नगर निगम



**खबर संक्षेप**

## केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों व क्षेत्रीय आवश्यकताओं पर चर्चा की।

## बीआरपी और स्पेशल एजुकेटर के पदों पर संविलियन की मांग

**बिलासपुर।** समावेशी समन्वयक बीआरपी और स्पेशल एजुकेटर का स्वीकृत 848 पदों पर संविलियन की मांग की गई है। छग में दिव्यांग बच्चों के पढ़ने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर से के अनुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विकासखंड स्तर पर कुल 240 बीआरपी समावेशी समन्वयक एवं विशेष शिक्षक गत 14 से 18 वर्षों से कार्यरत हैं। छत्तीसगढ़ में कुल दिव्यांग बच्चों की संख्या 76000 से भी अधिक है। अभी वर्तमान में राज्य शासन ने नवीन नियमित विशेष शिक्षक के पदों की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति पूर्णता सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय से शासन को प्राप्त निर्देशानुरूप कुल 848 विशेष शिक्षक के पद अस्तित्व में आ चुके हैं। इस ऐतिहासिक दौर में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्पेशल एजुकेटर संघ के अध्यक्ष सौम्य देवांगन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि पूर्व में कार्य 240 विशेष शिक्षकों को शासन द्वारा स्वीकृत नए विशेष शिक्षक के पदों में संविलियन करने की कार्रवाई जल्द करने की मांग की जा रही है। समावेशी समन्वयक बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर का वर्तमान योग्यता अनुरूप शासन द्वारा स्वीकृत 848 पदों में परीक्षण का संविलियन किया जाना चाहिए। संघ के प्रांत अध्यक्ष के अनुसार पुनः छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 15 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

## एसएसपी ने ली नेशनल हाइवे और टोल प्लाजा अफसरों की बैठक


**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने 2 जुलाई को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं शहर के चारों टोल प्लाजा भोजपुरी टोल प्लाजा रायपुर रोड, मुढ़ीपार टोल प्लाजा जांजगीर रोड, पाराघाट टोल प्लाजा जांजगीर रोड और लिम्हा टोल प्लाजा कोरबा रोड के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान श्री सिंह ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को नेशनल हाईवे पर मवेशियों के विचरण एवं एकत्रीकरण स्थान का चिन्हांकन कर मवेशियों के पुनर्स्थापना करने के संबंध में चर्चा की। कहीं पर भी मवेशियों के समूह के रूप में एकत्रित होने की सूचना होने पर तत्काल उन्हें हटाकर अन्यत्र पुनर्स्थापित करने कहा। एनएचआई को 1033 पेट्रोलिंग द्वारा मवेशी को मुख्य मार्ग से हटाने एवं शहर के चारों टोल प्लाजा को भी मवेशी मुक्त सड़क बनाए रखने के संबंध में जोर दिया। मवेशियों के साथ आकस्मिक सड़क दुर्घटना में घायल मवेशियों की त्वरित इलाज एवं देखभाल करने वाहन के माध्यम से उन्हें गौशाला तत्काल शिफ्ट करने नोडल अधिकारियों से चर्चा कर इमरजेंसी टीम गठित करने कहा। सड़कों पर अनावश्यक गाड़ियों को खड़ी करने वाले वाहन चालको को नियत स्थान पर ही गाड़ी खड़ी करने बोर्ड लगाने पर जोर दिया। सड़कों पर फर्राटा भर रही वाहनों पर नियंत्रण बनाए रखने एवं क्लच, ब्रेक एवं एक्सीलेटर में नियंत्रण करने जगह-जगह स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाने कहा। नेशनल हाईवे में लगे स्पीड डिटेक्टर कैमरे की मदद से तेज गति से चल रहे वाहनों पर निगरानी रखने चर्चा की।

# रेल प्रशासन कर रहा है रामायण यात्रा की शुरुआत 25 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे के उपक्रम भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम आईआरसीटीसी 25 जुलाई को अयोध्या से रामेश्वरम तक रामायण यात्रा ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। इस यात्रा के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों को भगवान राम से जुड़े स्थान अयोध्या, प्रयागराज, चित्रकूट, सीतामढ़ी, जनकपुर, श्रृंगवेरपुर, नासिक, हम्पी से लेकर रामेश्वरम तक घूमने और प्रभु श्रीराम के दर्शन का मौका मिलेगा।





यह रामायण यात्रा 16 रातें और 17 दिन की होगा। ट्रेन का पहला पड़ाव अयोध्या का होगा, जहां तीर्थ यात्रियों को राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी, राम की पैड़ी देखने का सुअवसर मिलेगा। इसके बाद नंदीग्राम में भरत हनुमान मंदिर और भरत कुंड का दर्शन, जनकपुर नेपाल में राम जानकी मंदिर, धनुष धाम मंदिर और परशुराम कुंड, सीतामढ़ी बिहार में जानकारी मंदिर और पुनौरा धाम, बक्सर में राम रेखा घट, रामेश्वर नाथ मंदिर, वाराणसी में तुलसी मानस मंदिर, संकट मोचन मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती देखने का सुनहरा मौका मिलेगा। रामायण यात्रा ट्रेन यात्रियों को लेकर सीतामढ़ी उत्तरप्रदेश की ओर बढ़ेगी जहां सीता समाहित स्थल सीता माता मंदिर के दर्शन करने के उपरांत ट्रेन प्रयागराज जाएगा। यहां त्रिवेणी संगम, हनुमान मंदिर और भारद्वाज आश्रम का दर्शन करने के बाद ट्रेन श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, नासिक, पंचवटी, हम्पी होते हुए रामेश्वरम पहुंचेगी। इन स्थानों पर यात्रियों को श्रृंग ऋषि मंदिर, गुप्त गोदावरी, रामघाट, सती अनुसूया मंदिर, अंजनाद्री पहाड़ी, विरूपाक्ष मंदिर, विट्ठल मंदिर, रामनाथस्वामी मंदिर और धनुषकोडी का दर्शन होगा। सफर के दौरान ट्रेन में चाय, नाश्ता, दोपहर और रात का शाकाहारी भोज दिया जाएगा। इसकी बोर्डिंग दिल्ली सफदरगंज, गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला जंक्शन, इटावा, कानपुर, लखनऊ, झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, दिल्ली सफदरगंज से डी बोर्डिंग होगी।

# सिम्स में एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम के मरीजों पर शोध

**बिलासपुर।** बच्चों में पाई जाने वाली एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम गंभीर बीमारी है। कई राज्यों में यह एपीडेमिक के रूप में देखा जाता है, छत्तीसगढ़ के लिए भी कई बार खतरा बना रहता है। पीड़ित बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिसे देखते हुए सिम्स में इस बीमारी को लेकर शोध कार्य शुरू कराया गया है।

सिम्स में इस बीमारी की वजह से दो वर्षों में 133 बच्चे इलाज कराने पहुंच चुके हैं। इसमें 1 वर्ष से कम आयु के 82 बच्चे, 1-5 वर्ष के 29 बच्चे व 5 वर्ष के अधिक के 22 मरीज शामिल हैं। ज्यादातर बच्चे 1 वर्ष से कम उम्र के थे। देखने में आया है कि सबसे ज्यादा मरीज गौरेला-पेंड्रा मरवाही के 61 फीसदी बच्चे आए हैं। इसके अलावा बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, चांपा. जांजगीर, शक्ति, बलौदाबजार, रायपुर आदि जिलों के भी बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हो चुके हैं। इन मरीजों में एक्यूट एन्सेफलाइटिस संड्रोम के ज्यादातर कारणों का पता नहीं चल पा रहा है यह चिंता का विषय है। बीमारी का सही कारण पता नहीं होने के कारण ईलाज में परेशानी होती है। अब इस बीमारी पर सिम्स के द्वारा शोध कार्य किया जाएगा। शोध कार्य डीन डॉ. रमणेश मूर्ति व एमएच डॉ. लखन सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। टीम में शिशुरोग विभाग से डॉ. राकेश नहरेल, डॉ. समीर कुमार जैन, डॉ. वर्षा तिवारी, डॉ. पूनम अग्रवाल, डॉ. अभिषेक कलवानी, डॉ. अंकिता चन्द्राकर, डॉ. सलीम खलखो एवं डॉ. रेखा बारापात्रे शामिल है।



### जापानी वायरस है वजह

एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम का मुख्य कारण जापानी एन्सेफलाइटिस वायरस है। इसके अलावा इंफ्लुएजां ए वायरस, पार्वोवायरस वी 4, डेंगू, एपस्टीन-वार, वायरस, एस. निमोनिया आदि द्वारा रोग के फैलता है। जैसा कि ज्ञात हो कि पूर्व में सिम्स जापानी इन्सेफलाइटिस वाइरस पर शोध कार्य किया जा चुका है। इससे बच्चों में संक्रमण या आटो इम्यून प्रतिक्रिया के कारण मस्तिष्क में सूजन आ जाती है। तेज बुखार, सिर में दर्द, गर्दन में अकड़न, दौरे, झटके, अर्धचेतना या कोमा जैसी स्थिति बन जाती है और कई बार मौत भी हो जाती है।

### विभाग कर रहा है मदद

सिम्स में इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या को देखते हुए शिशुरोग विभाग व माइकोबायोलॉजी विभाग द्वारा साइंटिफिक शोधकार्य शुरू किया जा रहा है। बच्चों में एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम होने के कारण का पता लगाया जाएगा।

# तकरीर के अंतिम दिन बिहार के मुफ्ती का किया गया स्वागत



**बिलासपुर।** उसकी देन कमेटी द्वारा सत्यम चौक पर आयोजित तकरीर के अंतिम दिन शोहदाए ए कर्बला के जलसे में बिहार भागलपुर के मुफ्ती जुनैद जमाली का कमेटी के सदर सरफरस्त एवं पदाधिकारी ने स्वागत किया। कमेटी के उपाध्यक्ष जफर सिटी मेंन टेलर्स का भी स्वागत किया गया।

कमेटी के सदर युसूफ हुसैन बंटी, कार्यक्रम के आयोजक एवं कमेटी के संस्थापक शेख नजीरुद्दीन, सरफरस्त एस ए कादिर, हाजी निसार, इकबाल हक, नासिर नवाब ने मंच पर मौजूद इमामों खतीब,, आलिमों का उपहार देकर स्वागत किया। आज की तकरीर में मौलाना जुनेद जमाली ने बताया कि इस्लाम की बुनियाद बचाने में कर्बला में 72 लोग शहीद हो गए, जिनमें दुश्मनों ने छह महीने के बच्चे अली असग़र (इमाम हुसैन के बेटे) के गले पर तीन नोक वाला तीर मारा, 13 साल के बच्चे हज़रत क़ासिम (इमाम हुसैन के भतीजे) को ज़िंदा रहते घोड़ों की टापों से रौंद डलवाया। उन्होंने फरमाया कि करबला के मैदान में हुसैन और उनके घर वालों की शहादत दुनिया को ये तालीम दी। हुसैन की शहादत हमे यह सबक सिखाता है के जुल्म का सर पहले कुचल दो ताक़े इंसानियत तबाह ना हो जाए। आज की तकरीर में सदर युसूफ हुसैन बंटी, शेख नजीरुद्दीन, एस ए कादिर, हाजी निसार, इकबाल हक, नासिर नवाब, अबरार बाबा, सैय्यद इंसान अली ,बब्बू , जफर सिटी मेंन, हाजी प्यारू, इस्माइल, एस कार्टर रेड्डु ,भुट्टो राज, गुड्डू, शईद , जफर आगा, पुष्कर साहू,बबली, शकील मनिहार, खालिद,सफीक साबरीन, अर्जुनसिंह, अनुराग दुबे,बादशाह भाई, शेख सिकंदर, वसीम मिर्जा, इकराम हुसैन, जावेद मेमन आदि मौजूद थे।

# प्रवेश उत्सवः बच्चों के साथ नेवता भोज में शामिल हुए कलेक्टर



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तिफरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मन्नडोल का दौरा किया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में भाग लेकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा विद्यार्थियों के साथ नेवता भोज में शामिल होकर सभी को प्रेरित किया। उन्होंने अवर एआईएम फाउंडेशन द्वारा विद्यालय में कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। संस्था द्वारा विद्यालय में रसोईघर, कार्यालय भवन, बाउंड्रीवॉल, बोरवेल, चेकर टाइल्स, विद्यालय की पुताई, तथा शैक्षिक चित्रांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य निष्पादित किए गए हैं। सौंदर्यीकरण देखकर कलेक्टर ने संस्था द्वारा निर्मित संरचनाओं के लिए संस्था को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं गणवेश वितरित की गईं। कार्यक्रम की मेजबानी विद्यालय के प्रधान पाठक रथराम श्रीवास, शिक्षक सत्येंद्र मिश्रा, अश्वनी राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जल संवर्धन कार्यशाला का कमिश्नर ने किया शुभारंभ



**बिलासपुर।** संभागायुक्त सुनील कुमार जैन ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलश में जल उड़ेलकर 3 दिवसीय जल संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में संभागायुक्त ने सभी को जल संरक्षण के संबध में शपथ दिलाई गई। सभी शपथकर्ताओं को शपथ अनुसार आचरण करने कहा। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में भू-जल संरक्षण के विषय में रिजनल डायरेक्टर सी जी. डब्ल्यू. वी एनसीसीआर रायपुर के डॉ. प्रवीर के. नायक ने भू-जल संरक्षण और पानी की एक बूंद बचाओ कल को सुरक्षित बनाओ के संबंध में जानकारी दी। जल दोहन एवं उसके बचाव कर भविष्य के लिए जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई। कृषि कार्यों में जल की उपयोगिता एवं संरक्षण के बारे में, वर्षा जल के उपयोग एवं संरक्षण के विषय पर चर्चा की।

# राज्य कर्मचारी महासंघ ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ से संबद्ध संघ की ओर से राज्य कर्मचारी महासंघ के अभा महामंत्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जीईएनसी के बैनर तले सभी सरकारी प्रतिष्ठानों में 3 जुलाई को प्रधानमंत्री के नाम 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि अब तक 8वें वेतन आयोग का गठन नहीं किया गया है। वहीं समान स्थिति वाले गैर-याचिकाकर्ता कर्मचारियों को न्यायिक राहत का विस्तार न करना यह गंभीर चिंता का विषय है कि कई सेवा-संबंधी मामलों में, कर्मचारियों को राहत पाने के लिए न्यायिक मंचों का रुख करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसी तरह एनपीएस/यूपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग की गई। देश के सभी राज्यों के कर्मचारियों के लिए समान कार्य, समान सेवा शर्तें और समान वेतनमान लागू करने, समूह बीमा की राशि न्यूनतम 20 लाख रुपए करने, देश के सभी राज्यों के कर्मचारियों को उनकी संपूर्ण सेवा अवधि में पांच पदोन्नति सुनिश्चित करने, मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर बिना किसी शर्त के तत्काल अनुकंपा नियुक्ति देने, सभी विभागों में रिक्त पदों को भरकर नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सुरेश तिवारी, रमेश कुमार द्विवेदी, अभिषेक तिवारी, राघवेंद्र शुक्ला, सुनील कुमार शर्मा, सतीश मेनन, योगेश दीक्षित, प्रांजल शर्मा, दशरथ राम सोमवार, प्रहलाद निषाद, राकेश यादव,रवि नवरंग, मुकेश साहू ,दुकालू साहू, कौशल यादव, राकेश यादव, सीताराम सूर्यवंशी, मुकेश साहू, कौशल यादव, सूर्यवंशी, रामअवतार श्रीवास आदि मौजूद थे।

# मोदी की गारंटी लागू करने की मांग, कर्मचारी संघ निकालेगा रैली



**बिलासपुर।** मोदी की गारंटी लागू करने 16 जुलाई को सभी जिला एवं तहसील मुख्यालय में कर्मचारी संघ द्वारा रैली निकालने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता जीआर चन्द्रा एवं प्रदेश संगठन सचिव रोहित तिवारी ने बताया कि 15 जून को प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ था, जिसमें प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए। जुलाई 2019 से समय-समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित राशि को समायोजन कर जीपीएफ खाते में जमा करने, वेतन विसंगति, चार स्तरीय समय वेतनमान, सहायक शिक्षक पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समय वेतनमान, सभी अधिकारी कर्मचारी को कैशलेस चिकित्सा सुविधा, मध्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को 300 दिवस का अर्जित अवकाश नगदीकरण, प्रदेश के कार्यभारित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने तथा सेवा सुरक्षा देने संबंधी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई के पूर्व निर्णय नहीं लिए जाने की स्थिति में फेडरेशन द्वारा मोदी की गारंटी लागू करने 16 जुलाई को सभी ब्लॉक एवं जिला स्तर पर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में 1 जुलाई को पुनः प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित कर आंदोलन की सूचना फेडरेशन से संबद्ध संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जीआर चन्द्रा, रोहित तिवारी, चन्द्रशेखर पांडे, राजेश चटर्जी, पंकज पांडे, बीपी शर्मा, जय साहू, संतोष वर्मा, योगेश चौरे, संजय सिंह, रितु परिहार आदि मौजूद थे।

# शासकीय उमावि कुदुदंड में मना शाला प्रवेश उत्सव



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुदंड में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति और वार्ड पार्षद अनीता हिमांशु कश्यप और वार्ड अध्यक्ष मीनाक्षी यादव, मंडल अध्यक्ष बबलू कुछवाहा, राजेन्द्र ठाकुर, कालीचरण काछी, भाजपा सदस्य सरिता ठाकुर, प्राचार्य डा. रीता तिवारी, व्याख्याता सरिता मिश्रा, सपना दुबे, ज्योति पाठक, कुसुम लता, दिलीप ठेठवार, संगीता ठाकुर, निर्मला त्रिपाठी, देवेन्द्र पाठक, गौतम यादव आदि मौजूद थे। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। मुंह मीठा कराया। इस दौरान अतिथियों और बच्चों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में पौधरोपण किया।

हेल्थ प्लस

# स्वामी विवेकानंद हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श शिविर आज



**बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद हॉस्पिटल व्यापार विहार रोड में न्यूरो मरीजों के लिए 4 जुलाई से 10 जुलाई तक निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया है । सर्जन डॉ नरेश कुमार कृष्णानी मरीजों के सलाह व उपचार के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इसके लिए 8585854416 या 07752471212 पर अग्रिम पंजीयन कराना अनिवार्य है। शिविर में लकवा, सिर दर्द, मिर्गी, गर्दन दर्द, चक्कर आना, पीठ दर्द (बैक पेन), याददाश्त की कमी, सिर की गम्भीर चोट, सिर की हड्डी का फ्रैक्चर, ब्रेन हैमरेज, रीढ व गर्दन की हड्डी का चोट, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी आदि की शिकायत वाले मरीज परामर्श ले सकते हैं। यहां ईसीजी व एक्स रे की सुविधा भी उपलब्ध है।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



जॉब लाइव

## टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल्स पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प कल

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र अंबिकापुर द्वारा 4 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प गंगापुर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में आयोजित होगा, जिसमें निजी नियोजक जीनस पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंडियन कॉफी हाउस के एचआर नितिन भोई उपस्थित रहेंगे। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से टेक्निशियन इलेक्ट्रीकल्स/इलेक्ट्रॉनिक्स के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास एवं आईटीआई टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स पास निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को संभावित 15000 रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा।




### रेलवे में टेक्नीशियन के 6 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती

रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। दरअसल जो उम्मीदवार रेलवे में टेक्नीशियन के पदों पर नौकरी करने के लिए विज्ञापन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, अब वे उम्मीदवार टेक्नीशियन ग्रेड-I और टेक्नीशियन ग्रेड-III के पदों पर आवेदन कर सकते हैं। अगर आप भी रेलवे में टेक्नीशियन के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं तो आप आधिकारिक वेबसाइट पर कर सकते हैं।

आयोजन

## आत्म-ज्ञान ही मोक्ष का आधार है, योग-दर्शन संगोष्ठी



**बिलासपुर।** आर्य समाज गोंडपारा में तीन दिवसीय विशेष योग-दर्शन संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का विषय था स्वयं से परिचयः योग दर्शन के माध्यम से,जिसमें आत्मबोध, जीवन साधना तथा मोक्ष मार्ग पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस वैचारिक संगोष्ठी का मार्गदर्शन दर्शन योग महाविद्यालय, रोजड़, गुजरात के प्रमुख, सुप्रसिद्ध सन्यासी स्वामी विवेकानंद परिव्राजक ने किया। स्वामी ने योग-दर्शन के रहस्यों को सरल, व्यावहारिक एवं बोधगम्य शैली में प्रस्तुत करते हुए यह बताया कि आत्म-ज्ञान ही मोक्ष का आधार है, उन्होंने प्रवचनों, संवाद तथा शंका समाधान के माध्यम से जिज्ञासुओं को गूढ़ विषयों की सहज व्याख्या दी। गृहस्थ जीवन को सुखमय व संतुलित कैसे बनाया जाए और उससे ऊपर उठकर आध्यात्मिक उन्नति की ओर कैसे बढ़ा जाए - इन विषयों पर गहन मनन व अभ्यास भी कराया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में आर्य समाज गोंडपारा के समर्पित संरक्षक व कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा, जिनमें प्रमुख रूप से ज्योतिर्मय आर्य, प्रधान सुधीर गुप्ता, रुद्र गुप्ता, गोपाल दास चावला, मंत्री विनय गुप्ता, शशि माधव गुप्ता, आदि ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफलता बनाया।

धर्मक्षेत्र

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में चालीसा का पाठ, आरती के बाद लगाए गए पौधे



**बिलासपुर।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में पंचमुखी हनुमान मंदिर हिंच्छापुरी में पूजा कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती के पश्चात पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के संभागीय संयोजक डॉ सुशील श्रीवास्तव, प्रदेश महिला प्रमुख अरुणा दीक्षित, संभागीय महिला प्रमुख डॉ नीता श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत के सरपंच घनश्याम पुरी गोस्वामी, मंदिर के पुजारी गोपाल ध्रुवे उपस्थित थे।

कार्यक्रम

## लायंस क्लब ऑफ वरदान ने डॉक्टर व सीए का किया सम्मान




**बिलासपुर।** लायंस क्लब ऑफ वरदान की नई टीम ने सत्र की शुरुवात डॉक्टर्स और सीए के सम्मान के साथ की। इस अवसर पर प्रेसिडेंट लायन श्रद्धा खंडूजा, सेक्रेटरी वंशिका वर्मा और ट्रेजरार स्वाती सिंग ने व्यक्तिगत रूप से डॉक्टर और सीए के का सम्मान किया। डॉक्टरी केवल एक पेशा नहीं, यह एक सेवा धर्म है जो निःस्वार्थ भाव से मानवता के लिए समर्पित होता है।अर्थव्यवस्था को चलाए रखने में हमारे सीए का विशेष रूप से योगदान होता है। लायंस क्लब पिछले कई वर्षों से सम्मान करती आ रही है और इस परंपरा को समाज के प्रति कृतज्ञता के रूप में निभा रही है। लायंस क्लब द्वारा पौधरोपण के लिए भी प्रेरित किया गया और एक एक पौधा भी सम्मान स्वरूप दिया गया।

### पर्व त्यौहारों की जुलाई में रहेगी धूम

# आज गुप्त नवरात्रि का समापन, 10 को गुरूपूर्णिमा, इसी माह हरेली, नागपंचमी भी

माह जुलाई में पर्वो, त्यौहारों की भरमार रहेगी। इसमें गुरू पूर्णिमा, गणेश चतुर्थी, शीतला सप्तमी, सावन सोमवार, श्रावणी एकादशी, हरेली, नागपंचमी, तुलसीदास जयंती सहित अन्य पर्व शामिल है। सभी का अपना एक अलग महत्व है। यही कारण है कि लोग इसे विधि-विधान व उत्साह से मनाते हैं।



**बिलासपुर।** साल में आने वाले 12 माह के हर माह में कुछ न कुछ पर्व, त्यौहार अवश्य पड़ता है। इन पर्वो, त्यौहारों के चलते हर महिने का एक-एक दिन शुभ होता है। 4 जुलाई को गुप्त नवरात्रि का समापन हो रहा है। यह साधकों के लिए आत्मिक शक्तियों को जागृत करने का श्रेष्ठ समय होता है। विशेष तांत्रिक मंत्रों और हवन द्वारा देवी को प्रसन्न किया जाता है। नवशक्ति की उपासना कर सांसारिक एवं आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

गुप्त नवरात्र के दौरान देवी मां दुर्गा की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन लोग व्रत रख कर विशेष पूजा करेंगे। शिष्यों द्वारा पादुका पूजन भी किया जाएगा।




### 14 को पड़ रहा पहला सावन सोमवार

इस साल सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। सावन माह का समापन रक्षाबंधन पर्व के साथ 9 अगस्त को होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस साल सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। इस दिन शिवालयों में भीड़ उमड़ेगी और हर-हर महादेव की गूंज होगी। कांवरिए जल चढ़ाने रतनपुर, मल्हार और बाबाधाम जाएंगे। सावन माह में कुल 4 सोमवार पड़ेगा।

### किसान करेंगे कृषि यंत्रों की पूजा

24 जुलाई को छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण व पहला त्यौहार हरेली पड़ रही है। इसे हरियाली अमावस्या के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा करेंगे। हरेली छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी की शुरुआत का प्रतीक है और इसे किसानों द्वारा पारंपरिक रूप से उत्साह के साथ मनाया जाएगा। घरों में विशेष पकवान बनाए जाएंगे।

### नागदेवता की होगी पूजा

सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 29 जुलाई को नाग पंचमी मनाई जाएगी। माना जाता है कि इस तिथि पर नाग देवता और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को काल सर्प दोष से राहत मिल सकती है। पंचमी तिथि का प्रारंभ 28 जुलाई को रात 11 बजकर 24 मिनट पर हो रहा है। वहीं पंचमी तिथि का समापन 30 जुलाई को देर रात 12 बजकर 46 मिनट पर होगा। ऐसे में नाग पंचमी मंगलवार 29 जुलाई को मनाई जाएगी।

### होगा रामचरित मानस का पाठ

तुलसीदास जयंती हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 31 जुलाई गुरुवार को मनाई जाएगी। इस दिन शहर में रामचरित मानस का पाठ कर भजन गाए जाएंगे। तुलसीदास की शिक्षाओं को याद करेंगे। यह दिन भगवान राम और तुलसीदास के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने का एक अवसर है। तुलसीदास जयंती गोस्वामी तुलसीदास के जन्मदिवस के रूप में मनाई जाएगी। वे 16वीं शताब्दी के एक महान कवि और संत थे। तुलसीदास ने कई ग्रंथों की रचना की। इसमें 'रामचरितमानस' सबसे प्रसिद्ध है। उन्होंने 'हनुमान चालीसा' और 'विनय पत्रिका' जैसी रचनाएं भी की। तुलसीदास की रचनाएं आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं।

## सीए दिवस पर रक्तदान शिविर, डेंटल चेकअप कैंप



**बिलासपुर।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने बुधवार को स्थापना दिवस को बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। यह आयोजन आईसीएआई भवन में आयोजित किया गया।

जिसमें अनेक सदस्य, छात्र और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा ने सभी को संबोधित करते हुए गौरवमयी यात्रा,सामाजिक भूमिका और प्रोफेशनल उत्कृष्टता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेरणादायक भाषण, सामाजिक सेवा गतिविधियाँ एवं सदस्यों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। सीए दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम, रक्तदान शिविर,डेंटल चेकअप कैंप, हेल्थ चेकअप, आँख चेकअप आयोजित किए गए। जिससे समाज में संस्थान की सकारात्मक भूमिका को दर्शाया जा सके तथा शाम को कल्चरल इवनिंग सीए परिवारों द्वारा धूमधाम से मनाया गया जिसमें शहर के सभी वरिष्ठ सीए सदस्यों के साथ साथ सभी बड़ी संख्या में सीए सदस्य परिवार सहित शामिल हुए।

## गायत्री महामंत्र अखण्ड जप में 50 से अधिक साधक शामिल



**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ चांटीडीह में मां गायत्री की प्रतिमा की प्रतिस्थापना की जा रही है। इसके उपलक्ष्य में दो दिवसीय आयोजन किया गया है। पहले दिन गुरुवार को 12 घंटे का अखण्ड गायत्री महामंत्र का जप किया गया। इसमें 50 से अधिक साधकों ने भाग लिया।

मंदिर के व्यवस्थापक लखन सिंह राजपूत ने बताया कि चांटीडीह प्रज्ञापीठ को बने 26 साल हो गया है। मंदिर निर्माण के समय मां गायत्री की स्थापना कराई गई थी। अब भक्तों व गायत्री परिवार के परिजनों के सहयोग से मंदिर को विस्तार देते हुए भव्य ढ़ंग से बनाया गया है। इसमें मां गायत्री की प्रतिस्थापना की जा रही है। इसके उपलक्ष्य में गुरुवार को सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक अखण्ड गायत्री महामंत्र का जप किया गया। शुक्रवार 2 जुलाई को मिशन के वरिष्ठों के सानिध्य में माता की प्रतिस्थापना यज्ञ, हवन कर विधि-विधान से की जाएगी। प्रतिस्थापना का पूरा कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि निर्माण के बाद से इस प्रज्ञापीठ में नियमित पूजन, हवन एवं समय-समय पर यज्ञ, जप हो रहा है।

## श्री पीताम्बरा पीठ मंदिर में नवमी पर हवन व पूजन आज



**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के नवे दिन प्रातःकालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार मातंगी एवं सिद्धिदात्री देवी के रूप मे किया जाएगा।

श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया गया। परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का पूजन एवं श्रृंगार किया जाएगा। नवमी को कमला देवी के रूप मे श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार किया जाएगा एवं कमला देवी के रूप में कन्याओं का पूजन किया जाएगा। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ.दिनेश महाराज ने बताया कि देवी मातंगी दस महाविद्या में नवीं महाविद्या हैं। यह वाणी और संगीत की अधिष्ठात्री देवी कही जाती हैं। देवी मातंगी दांपत्य जीवन को सुखी एवं समृद्ध बनाने वाली होती हैं इनका पूजन करने से गृहस्थ के सभी सुख प्राप्त होते हैं।

## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रेलवे के खिलाड़ी प्रकाश राव ने जीता गोल्ड मेडल

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी टी. एस. प्रकाश राव ने आगरा में पावरलिफ्टिंग खेल संघ द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटीनेशन सीनियर टूर्नामेंट के चैंपियनशिप में 120 किलोग्राम केटेगरी वर्ग के पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। मंडल के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी प्रकाश राव वाणिज्य विभाग में डिप्टी सीटीआई के पद पर कार्यरत है।

इससे पहले भी प्रकाश राव कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में देश एवं भारतीय रेलवे का प्रतिनिधित्व करते अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। इसी का परिणाम है कि आज विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी देश एवं भारतीय रेलवे के साथ ही साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम रोशन कर रहे है। उपलब्धि पर वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा बधाई दी गई।




### एथलेटिक्स खिलाड़ी पदक जीतकर लहरा रहे परचम

एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया है। विभिन्न स्पर्धाओं में एथलीट्स ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी मेहनत और लगन का प्रमाण दिया है। राज्य के खिलाड़ियों ने ट्रैक, जंप और थ्रो जैसे इवेंट्स में कई पदक अपने नाम किए हैं। खेल संघ के अधिकारियों का कहना है कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और खेल संसाधनों में हो रही बढ़ोत्तरी के चलते आने वाले समय में और भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। एसोसिएशन के सचिव अमरनाथ सिंह ने कहा हमारे खिलाड़ी देशभर में अपनी मेहनत और समर्पण से नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, आने वाले समय में राज्य के और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतेंगे। इसी प्रकार इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट, बेंगलुरु में थोटा संकीर्तन गोल्ड ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं महिला वर्ग में तुफ़ी सुल्तान खान ने गोला फेंक में 12.70 मीटर गोला फेंककर छत्तीसगढ़ के लिए सिल्वर मेडल हासिल किया। इस तरह छत्तीसगढ़ के एथलेटिक्स खिलाड़ियों का मेडल ग्राफ लगातार ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है। उम्मीद है कि आने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में राज्य के एथलीट्स और भी पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।



## खबर संक्षेप

### श्रम विभाग की ओर से होगा दुकान, स्थापनाओं का पंजीयन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 प्रभावशील होने से दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन अब श्रम विभाग की ओर से किया जाएगा। इससे पहले नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत नगरीय निकायों की ओर से दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन किया जाता था। उक्त अधिनियम के प्रभावशील हो जाने के उपरांत समस्त दुकानों एवं संस्थान, जहां 10 या 10 से अधिक श्रमिक, कर्मचारी कार्यरत हैं उसके पंजीयन का कार्य श्रम विभाग के जिला कार्यालयों के द्वारा श्रम विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत पंजीकृत दुकान, स्थापना जहां 10 या 10 से अधिक श्रमिक, कर्मचारी कार्यरत हैं, उनको इस अधिनियम के प्रारंभ होने के तिथि से 6 माह के भीतर निर्धारित शुल्क जमा कर श्रम विभाग में पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिन दुकान व संस्थानों में 10 से कम श्रमिक, कर्मचारी कार्यरत उन पर यह अधिनियम लागू नहीं होगी।

### दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार की सहायता

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली विखं के ग्राम गीधा में लीदरी के लालदास महादेवा की सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। एसडीएम पार्वती पटेल ने तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर सहायता राशि स्वीकृत किया है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए और गंभीर रूप से घायल के परिजन को 10 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

### केमिस्ट संघ ने दी स्व. दुबे को श्रद्धांजलि



**लोरमी।** पद्मश्री सुरेंद्र दुबे के निधन पर लोरमी केमिस्ट संघ ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की। संघ ने कहा कि श्री दुबे के निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान श्रद्धांजलि देने वालों में लोरमी ब्लाक के अध्यक्ष मिंटू छबड़ा, मनीष त्रिपाठी, रामगोपाल अग्रवाल, सचिव मुकेश कश्यप, उपाध्यक्ष जीवन साहू, राजेंद्र साहू, संजय श्रीवास, पंकज ठाकुर, हरिस देवांगन, गजेंद्र जायसवाल, तिलेश साहू, आनंद वैष्णव उपस्थित रहे।

## निधन

### राकेश यादव



**बिलासपुर।** तिफरा निवासी राकेश यादव का 32 वर्ष की आयु में 2 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तिफरा मुक्तिधाम में किया गया। वे नारायण यादव के पुत्र थे।

### सुमित्रा ठाकुर



**तखतपुर।** नगर के वार्ड 3 टिकरीपारा निवासी सुमित्रा ठाकुर का 70 वर्ष की आयु में 3 जुलाई को निधन हो गया। वे रोहन सिंह ठाकुर की सास एवं भाजपा पार्षद कोमल सिंह ठाकुर की नानी थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### सिद्धेश्वरी केशरवानी

**मुंगेली।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. लक्ष्मीनारायण केशरवानी की सुपुत्री कुमारी सिद्धेश्वरी केशरवानी का 55 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। वे विवेक केशरवानी, आलोक केशरवानी की बहन थी। अंत्येष्टि कार्यक्रम मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया।

---

### आसमान में दिनभर छाए रहे काले बादल, गर्मी से मिली निजात

# झमाझम बारिश से सड़कें लबालब, किसानों के चेहरे खिले



मुंगेली। गुरुवार की सुबह से हुई बारिश से सदर बाजार की सड़क पर भरा पानी।

**नगर एवं क्षेत्र में गुरुवार सुबह 9.30 बजे से झमाझम बारिश हुई। जो देर रात तक बूंदाबांदी होते रही। पिछले सप्ताह भर से रूकी बारिश से किसानों के चेहरे में खुशी झलकी। बारिश होने से खेती-किसानी के कार्यो में तेजी आएगी। तापमान में भी कमी हुई। आज की हुई झमाझम बारिश से सदर बाजार रामानुज गेट सहित कई स्थानों पर पानी भर गया। जिससे आने-जाने वालों को परेशानी होती रही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पिछले पखवाड़े भर से पड़ रही कड़ी धूप के चलते तापमान में वृद्धि हो गई थी। सुबह 9.30 बजे लगभग 1 घंटे तक झमाझम बारिश होते रही, जो देर रात्रि तक बूंदाबांदी होते रही। आज सुबह अचानक मौसम ने करवट ली। सुबह से ही आसमान में काले-काले बादल छाए रहे। जिले में 1 जून से अब तक 477.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली तहसील में आज 5.0 मिली मीटर, पथरिया तहसील में 6.4 मिली मीटर, लोरमी तहसील में 8.1 मिली मीटर तथा लालपुर थाना तहसील में 2.0 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह आज जिले में कुल 21.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। आज हुई झमाझम बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया।

सदर बाजार में पिछले वर्ष सौंदर्यीकरण के नाम पर नाली को ढ़क दिया गया था। जिसमें साफ-सफाई नही होने के चलते आज हुई तेज बारिश में सड़कों पर घुटने से ऊपर पानी भर गया। जिसके चलते आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सदर बाजार में वर्षो पहले बनाई गई सड़क एवं नाली में कितनी भी तेज बारिश हो पानी नही रूकता था। किन्तु आज की हुई बारिश के चलते नाली से पानी निकासी नही होने के चलते सड़कों पर पानी भरा रहा। आज की हुई बारिश के बाद खेती किसानी के कामों में तेजी आएगी। कृषक वर्ग खाद बीज की व्यवस्था में तेजी से जुटने लगे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग हलाकान हो रहे थे। लोगों का मानना है कि एक दो अच्छी तेज बारिश हो जाएगी तो धरती की प्यास बुझ जाएगी।

#### बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर वर्षा ऋतु में बाढ़ एवं आपदा जैसी स्थिति निर्मित होने पर प्राकृतिक तथा नैसर्गिक घटनाओं में तात्कालिक राहत उपाय के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 116 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जो बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में तहसील कार्यालयों में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्षों से जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएगा। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07755-264440 है। कलेक्टर ने अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी मो. न. 9827986654 को जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की 3 पालियों में ड्यूटी लगाई है। इसी तरह तहसील स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। मुंगेली के लिए प्रभारी तहसीलदार कुणाल पाण्डेय मो. नं. 8103537727, पथरिया के लिए तहसीलदार श्रीमती छाया अग्रवाल मो.न. 9584756761, लोरमी के लिए तहसीलदार शेखर पटेल मो. न. 7999582081, जरहागांव के लिए तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार मो. नं. 7987417595, लालपुर थाना के लिए तहसीलदार महेत्तर प्रसाद कौशिक मो. न. 9893120779 और सरगांव के लिए तहसीलदार अतुल वैष्णव मो. न. 7000730700 को तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### बाढ़ क्षेत्रों की होगी सतत निगरानी

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बरसात के मौसम में जिले में संभावित बाढ़ एवं आपदा से बचाव हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। कलेक्टर ने समस्त वर्षामापक केन्द्रों पर यंत्रों का उचित संधारण करने, पहुंचविहीन क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति के दौरान पर्याप्त खाद्य सामाग्री, नमक, कैरोसिन, प्रतिवर्ष बाढ़ आने वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने एवं वहां के लोगों के सुरक्षित स्थानों पर ठहराने के लिए कैम्प आदि के साथ विशेष व्यवस्था करने, बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में आवश्यक उपकरणों के साथ प्रशिक्षित जवानों को तुरन्त रवाना करने, नगरीय निकायों के नाले-नालियों में निरंतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## जीपीएम जिले में भारी बारिश का कहर, जनजीवन अस्त-व्यस्त, नाले में बही कार, घंटो बाधित रहा मार्ग

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले में पिछले 24 घंटों से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। नदी-नाले उफान पर हैं, और कई इलाकों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। इस बीच बारिश के कारण हुए हादसों और सड़क मार्गों के बाधित होने की कई घटनाएं सामने आई हैं।









#### नाले में बही कार

पेंड्रा के कारीआम बेलपत मार्ग पर जोगीसार के पास एक हादसा हुआ, जहां तेज बहाव में एक कार पुलिया से बह गई। बारिश के कारण नाला उफान पर था और सड़क के ऊपर से पानी बह रहा था। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर बहाव में चली गई। सतर्क ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला और जेसीबी की मदद से कार को नाले से निकालने की कोशिश की गई।

#### बस्ती बगरा-पेंड्रा मार्ग बाधित

जिले के वनांचल और दूरस्थ इलाकों में बारिश मुसीबत बन गई है। पेंड्रा-बस्ती बगरा मुख्य मार्ग पर कोटमी खुर्द के पास कलेवा नाला उफान पर होने के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। नाले का पानी सड़क के ऊपर से बहने के कारण मार्ग बंद हो गया, जिससे लोग घंटों रास्ते में फंसे रहे। यह मार्ग बस्ती बगरा से पेंड्रा और बिलासपुर जाने का एकमात्र मुख्य रास्ता है, जिसके बाधित होने से बस्ती बगरा का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

#### खरडी मार्ग भी अवरुद्ध

इसी तरह खरडी मार्ग भी घंटों तक बाधित रहा। इस मार्ग पर बने पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। बारिश के कारण नदियों और नालों में जल स्तर बढ़ने से कई अन्य मार्ग भी प्रभावित हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---

## अटल ने विधायक निधि से दिए 3 फ्रीजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की ओर से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए कोटा, बेलगहना व रतनपुर के लिए तीन शव फ्रीजर विधायक निधि से प्रदान किए गए।




शव फ्रीजर के साथ विधायक अटल श्रीवास्तव।

इस मौके पर अटल श्रीवास्तव ने कहा कि जनसेवा ही मेरा कर्तव्य है, मैं नर सेवा को नारायण सेवा मानकर क्षेत्रवासियों की सेवा और जन आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए प्रतिभूत हूं। क्षेत्रवासियों के आपातकालीन इलाज के आवागमन हेतु निशुल्क एम्बुलेंस और जल आपूर्ति करने हेतु पानी टैंकर भी प्रदान किया गया है। उसी जन आवश्यकता और सेवा के क्रम में शव फ्रीजर प्रदान किए गए, जो क्षेत्रवासियों क लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगा। यह सेवा की दिशा में एक संवेदनशील कदम है, जो क्षेत्रवासियों को राहत एवं सहयोग प्रदान करेगा। शव फ्रीजर प्राप्त होने पर बीएमओ निखिलेश्वर गुप्ता एवं बीपीएम श्वेता ने कहा कि क्षेत्र में इसकी अत्यधिक आवश्यकता थी। साथ ही पहल के लिए उन्होंने विधायक अटल श्रीवास्तव आभार जताया है।

### विधायक की अनुशंसा पर 77 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

**सकरी।** स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने विधानसभा के बारह गांवों के लिए 76.29 लाख रूपए के विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनबंधा में 6 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन, ग्राम पंचायत लोखंडी में 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड, कंचनपुर में 5.20 लाख की सीसी रोड, बांधा में 5.20 लाख की सीसी रोड, घोरामार में 5.20 लाख की सीसी रोड, खजुरी में 5.20 लाख की सीसी रोड, खजुरी में 6.50 लाख की लागत का सामुदायिक भवन, बेलगहना में 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, मेढ़पार छोटा में 6.50 का सामुदायिक भवन व 4.79 की लागत से मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय शेड निर्माण, बेलपान में 5 लाख की लागत से रंगमंच निर्माण, हरदी में 5 लाख की लागत का रंगमंच निर्माण, करनकापा में 5 लाख की लागत का रंगमंच निर्माण, मेढ़पार बाजार में 5 लाख की लागत से रंगमंच का निर्माण होगा। क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने उक्त विकास कार्य की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया है।

## सर्वसम्मति से चुनी गई नई सीटू की टीम हड़ताल को लेकर तैयार की गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी सीपत के प्रगतिशील ताप विद्युत कर्मचारी संघ सीटू की साधारण सभा उत्साह और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभा का संचालन वरिष्ठ सदस्य सुनील आशटकर ने कुशलतापूर्वक किया।



साधारण सभा में शामिल सीटू के सदस्य।

मंच पर मौजूद सीटू के दिग्गज नेता कामरेड एस देव राय, सेंट्रल लीडर सुदीप दत्ता और राज्य महासचिव एमके नंदी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए संगठन को परिवार भावना से आगे बढ़ाने और कर्मचारी हित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान उप महासचिव वी मनोहर ने 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी मजदूर हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नई टीम श्रमिक हितों के लिए संघर्ष व सेवा दोनों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।सभा में यह संकल्प लिया गया कि आगामी कार्यकाल में संगठन कर्मचारी अधिकारों की रक्षा, कार्यस्थल पर सहयोग और समरसता का वातावरण बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

---

### नवोदय विद्यालय में विद्यार्थी सम्मान समारोह

# बच्चों को संवारने से हमारा देश बनेगा विश्व गुरुः रजनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

हमारे जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते हैं, मगर कोई व्यक्ति यदि मन एकाग्रचित करके कोई भी कार्य करता है तो ईश्वर उसे अवश्य सफलता देते हैं। महाभारत युद्ध अगर नहीं होता तो गीता जैसे महान ग्रन्थ की रचना नहीं होती और ना ही हमें गीता ज्ञान मिलता। हम लोग अपने बारे में सोचते हैं, लेकिन बच्चे हमारी अमूल्य धरोहर हैं।




कार्यक्रम में उपस्थित एसएसपी।

अगर उनको संवारेंगे तो हमारे देश का स्थान विश्व पटल पर विश्व गुरु के रूप पर होगा। यह बातें बिलासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने मल्हार विकास मंच की ओर से आयोजित प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर आयोजित में आयोजित कार्यक्रम में श्री सिंह ने निरीक्षक शहीद दीपक भारद्वाज की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अतिथियों के मंच में आने से पहले एनसीसी कैडेट्स ने उन्हें सलामी दी। मल्हार विकास मंच के अध्यक्ष संजीव पांडेय ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए ऐसे बेहतर कार्यक्रम आयोजित करते रहने व बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए नवाचार करने की बात कही। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य काशीराम रजक, अकतराम सिन्हा, प्रदीप वैष्णव, महेश मिश्रा ने किया।

#### विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह ने शासकीय उमा शाला मल्हार, मध्यनगरीय उमा शाला, मिडिल स्कूल केंवतपारा, पूर्व माध्यमिक शाला, शासकीय उमा शाला बूढ़ीखार, डीएवी पब्लिक स्कूल वेद परसदा, सरस्वती शिशु मंदिर और नवोदय विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षक बीके द्विवेदी को नवोदय विद्यालय समिति भोपाल की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सिंदूर का पौधा लगाकर सभी से इस मानसून कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवोदय के प्राचार्य एमके श्रीवास्तव ने की एवं आभार प्रकट राजेश पांडेय ने किया। इस अवसर पर रविंद्र वैष्णव, मस्तूरी एसडीओपी लालचंद मोहले, थाना प्रभारी हरिश्चंद्र टांडेकर, चौकी प्रभारी ओंकार धर दीवान, ओमप्रकाश पांडे, काशीराम रजक, प्रदीप वैष्णव, जगदीश प्रसाद साहू, भूपेंद्र बनाफर, संतोष केवट, प्राचार्य रश्मि गुप्ता, जतन केवट, नपं अध्यक्ष धनेश्वर धनेश्वरी कैवर्त, शेषनारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भाजपा रंजीत सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष अनिल केवट, राजकुमार वर्मा, शिवम पांडे, बालमुकुंद दास वैष्णव, बीरबल थवाइत, लक्ष्मणकांत आदि मौजूद रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण संबंधित को सूचित किया जाता है कि हम मेसर्स रुद्र इन्फ्राकॉन, जिसका कार्यालय पता: 14/428, एल-3, विभा सिंह गली, विद्या उप नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001 है, जो की भागीदारी फर्म है जिसमे श्री प्रदीप कुमार सिंह, श्री प्रकाश नारायण सिंह, श्री पवन मौर्य, श्री विवेक मिश्रा एवं श्री आदित्य वस्त्रकार भागीदार हैं। श्री आदित्य वस्त्रकार, पिता श्री जीवन लाल वस्त्रकार, ने 10 मई 2025 को, अपनी स्वेच्छा से फर्म से निवृत्ति ले ली है।

उक्त फर्म अथवा इसके भागीदारों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, बैंक, सरकारी अथवा अर्ध सरकारी संस्था आदि को कोई भी विवाद, दावा, रकम संबंधी बकाया या विवाद या अन्य कोई हक हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर दावा संबंधित प्रपत्र के साथ हमारे निम्नांकित पते मे कार्यालय मे उपस्थित हो कर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के बाद की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं यही समझा जाएगा कि उक्त कार्य हर प्रकार से भार एवं विवाद मुक्त है।

**पता: मेसर्स रुद्र इन्फ्राकॉन
14/428, एल-3, विभा सिंह गली,
विद्या उप नगर, बिलासपुर,
छत्तीसगढ़ - 495001
सूचना प्रकाशितकर्ता:
श्री प्रदीप कुमार सिंह
श्री प्रकाश नारायण सिंह
श्री पवन मौर्य
श्री विवेक मिश्रा**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. व
तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सीमांकन सूचना**

माननीय न्यायालय अति. तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 03.06.2025 में ग्राम हांफा प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. व तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा नं. 1241/4 रकबा 0.0450 हे. आवेदक/ भूमि स्वामी संजय रात्रे पिता स्व. भैयालाल रात्रे निवासी उसलापुर के द्वारा सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 07.07.25 को लगभग 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अत: आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदार समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अत: सूचना जानें।

टीप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

पटवारी हल्का 44 के पटवारी श्री एल.एन. कुर्रे उपरोक्त आवेदित भूमि के आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदारों का नाम नीचे नियत रिक्त स्थान इन्द्राज कर सूचना तामिल करायें एवं नियत सीमांकन तिथि को संबंधित ग्रामो के अभिलेख सहित कोटवारों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

प्रति, 1. संजय रात्रे (आवेदक) 2. पुष्पादेवी अग्रवाल 3. मोइनुद्दीन 4. सत्याबाई यादव 5. सीमा सिंह 6. सुरेश श्रीवास/ सुरेन्द्र श्रीवास 7. राजेश कु. अग्रवाल 8. हिमांशु बघेल

**राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सकरी**

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है पौधरोपण



**बेलतरा।** शास कन्या मिडिल स्कूल बेलतरा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथ जपं सदस्य कमला विजय साहू उपस्थित रहीं। साथ ही सरपंच सुरेश कश्यप व रामाधार श्रीवास भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस मौके पर कमला देवी साहू ने कहा कि पौधरोपण एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय गतिविधि है, जो पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वृक्षारोपण से न केवल वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा कम होती है, बल्कि यह मिट्टी के कटाव को रोकने, वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने और जलवायु परिवर्तन को कम करने में भी मदद करता है। सरपंच सुरेश कश्यप ने कहा पौधरापण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो पर्यावरण और समाज को अनेक प्रदान करता है। इसको बढ़ावा देकर हम अपने ग्रह को स्वस्थ और रहने योग्य बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रकट करते हुए शिक्षिका मंजू चंद्राकर ने सभी अतिथियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाने का आग्रह किया। इस पर अतिथियों ने मिलकर पौधे लगाए।

### 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिव्यांग सेवा संघ करेगा प्रदर्शन



**बेलतरा।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने अपनी लंबित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सोमवार को संघ के प्रतिनिधियों ने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि आगामी मानसून सत्र में उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 16 जुलाई 2025 को छत्तीसगढ़ विधानसभा का ऐतिहासिक घेराव किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शन स्वाभिमान पैदल मार्च और धरना रैली के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से दिव्यांग कर्मचारी शामिल होंगे। संघ ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार आग्रह करने के बावजूद अब तक इसको लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में विनोद कुमार साहू, उमाशंकर बंजारे, नारायण रजक, ऐवसराम कश्यप, रामकुमार केवट, शिवनारायण साहू, तेजराम साहू एवं संदीप वर्मा शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की मासिक बैठक



**बिल्हा।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ईकाई बिलासपुर की मासिक कामकाजी बैठक प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई और सकारात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में संगठन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के समापन के बाद फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने शासकीय पूमा शाला अमीरी में अमरूद व आम के पौधे लगाए एवं प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नम्रता शर्मा ने छात्रोाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने महिला प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नम्रता शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय कश्यप, महिला जिला अध्यक्ष ममता सोनी, कार्यकारिणी अध्यक्ष असलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फिरोज अलीम, महासचिव चंचल सलूजा, उपाध्यक्ष अरविंद साहू, रोहिणी अग्रवाल, शोभा चाहिल, मंजू साहू, सचिव संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज वर्मा एवं गायत्री कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### प्रधान पाठक मेलाराम को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**लोरमी।** विकासखंड के अंतिम छोर के ग्राम खेकतरा में पदस्थ प्रधान पाठक मेलाराम कश्यप की सेवानिवृत्ति पर स्कूल प्रांगण में सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। समन्वयक रामकुमार साहू, शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर सिंह, पुष्पा, ललिता शर्मा, आरती गुप्ता ने कहा कि अच्छे शिक्षक और प्रशिक्षक तथा तकनीकी जानकर के रूप में इनके कार्यों का हमेशा स्मरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर जायसवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, बीआरसी डॉहिरे, एबीईओ सुनील शर्मा, पूर्व प्रधानपाठक विश्वनाथ योगी, संकुल प्राचार्य अनूप साहू, व्याख्याता प्रदीप ध्रुव, भूपेंद्र ढीमर, वरिष्ठ प्रधानपाठक फत्ते राम कश्यप, आत्माराम कश्यप, लहरे सर, संकुल समन्वयक चंद्रेश खत्री, मोरध्वज सिंह, इंद्रकुमार, नरेंद्र कश्यप, रघुवीर, सचिव लीलाराम सोनकर सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मल्हार नगर के लोगों की बढ़ी मुसीबतें, प्रशासन उदासीन

# मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



मल्हार की सड़क पर बने गड्ढे में भरा बारिश का पानी।

बरसात शुरू होते ही नगर पंचायत मल्हार के निवासियों के लिए मुसीबतें बढ़ गई हैं। जिले के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल व नपं मल्हार की मुख्य सड़कें व गलियां अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं। सड़कों की बदहाली को लेकर सैकड़ों लिखित व मौखिक शिकायतों के बाद भी ना तो जिम्मेदार अधिकारी और ना ही सत्ता पर काबिज जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे हैं। इससे स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

नगर के बस स्टैंड स्थित प्रवेश द्वार से माता डिडनेश्वरी मंदिर तक डेढ़ किलोमीटर के सड़क को सुव्यवस्थित बनाने व चौड़ीकरण की मांग वर्षों से हो रही है, जिसके लिए नगरवासियो ने कई बार सम्बंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। इसके अलावा पूर्व व वर्तमान विधायक सहित सांसद को भी जानकारी दी गई, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गयी। ऐसा भी नहीं है कि इस जर्जर हो चुके मुख्य मार्ग की जानकारी किसी को नही है कलेक्टर, कमिश्नर, एसपी, सांसद, विधायक सहित सभी अधिकारियों का आना-जाना इसी मार्ग से होता है। यह मल्हार का इकलौता मुख्य मार्ग है, जो सभी प्राचीन मंदिरों के लिए पहुंच मार्ग होने के साथ जांजगीर जिले को भी जोड़ता है।

इन सबके बावजूद भी इसके प्रति उदासीनता व उपेक्षा करने से लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि दशकों से बस स्टैंड के प्रवेश द्वार से माता डिडनेश्वरी मंदिर तक चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं, परन्तु आज तक किसी राजनीतिक पार्टी ने इस अतिआवश्यक मांग पर अमल करने ईमानदारी से प्रयास नहीं किया। नतीजतन ऐतिहासिक धरोहरों से परिपूर्ण मल्हार आवागमन के लिए सुलभ मार्ग नहीं होने का दंश झेल रहा है। पुरावैभव की इस नगरी का एकमात्र मुख्य मार्ग अत्यंत ही संकीर्ण है। साथ ही अब बरसात में यह मार्ग पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुका है, जिससे पर्यटकों सहित नगर के लोगों व अन्य गांवों से जाने-वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या से निजात पाने कई बार प्रयास किए गए, परन्तु राजनीतिक उदासीनता के कारण सफलता नहीं मिली।

### सड़क की हालत जर्जर, हादसे का शिकार हो रहे ग्रामीण



**धमनी।** चकरभाठा धमनी से झाल तक जाने वाली 14 किमी लंबी सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे कड़ार सेंवार, कया, बुंदेला, बोरसरा सहित आसपास के ग्रामीणों और स्कूली बच्चो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार स्कूली बच्चे इन गड्ढों मे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उनके ड्रेस गंदे हो जाते हैं एवं वे चोटिल हो जाते हैं। इस सड़क पर सबसे ज्यादा मजदूरी करने वाले मजदूर चकरभाठा, सिरगिट्टी, बिलासपुर जैसे अन्य जगह पर काम करने जाते हैं एवं खराब सड़क होने की वजह से हादसे का शिकार होकर घायल हो जाते हैं। गड्ढे इतने बड़े हैं कि इसमें एम्बुलेंस भी फस जाती है और मरीजों की जान पर आफत आ जाती है।



## प्राथमिक शाला भवन जर्जर टूटी छत, दीवार पर दरारें

**मोपका।** एक ओर शिक्षा विभाग शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां गिनाते नहीं थक रहा, वहीं दूसरी ओर स्कूलों की जर्जर स्थिति विभाग के इन तमाम दावों की पोल खोल रही है। कई स्कूलों में छात्रों के बैठने की पर्याप्त जगह नहीं है, तो कई विद्यालय की छत टूटी हुई है। कहीं दीवार पर बड़ी दरार पड़ गई है, तो कहीं बाउंड्री वॉल ना होने की वजह से विद्यालय आसामाजिक तत्वों अड्डा बन गया है। विद्यालयों की इस हालत से शिक्षकों के साथ-साथ छात्र छात्राओं को भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका ताजा उदाहरण वार्ड क्रमांक 47 चिल्हाटी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में देखा जा रहा है। विद्यालय का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है एवं छत टूट चूकी है, साथ ही दीवार पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। साथ ही बारिश का होने के कारण कभी भी स्कूल भवन के धराशायी होने की आशंका जताई जा रही है। विद्यालय में 157 बच्चे अध्ययनरत हैं एवं कमरे की कमी की वजह से एक कमरे में दो-दो कक्षाएं लगाई जा रही हैं। यही नहीं बाउंड्री विहिन इस स्कूल के बगल से खारंग नदी बहती है, जिसका पानी कई बार स्कूल के प्रांगण में घुस जाता है। शिक्षकों ने बताया है कि इस समस्याको लेकर शिक्षा विभाग को कई बार लिखित आवेदन दिए जा चुके हैं। साथ ही संकुल केंद्र प्रभारी को भी मौके पर ले जाकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। इस पर वार्ड पार्षद मोहन श्रीवास, पूर्व पार्षद नंदनी दर्वे तथा शिक्षा समिति के सुखसागर कुर्रे, सूरज रात्रे, सत्तार खान, रामप्रकाश मांडरे, विजेंद्र पाटले आदि ने समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग शिक्षा अधिकारी से की है।

- स्कूल में बाउंड्री वॉल नहीं, परिसर में घुसता है पानी

### नए सीएमएचओ का कर्मचारियों ने किया स्वागत



सीएमएचओ का स्वागत करते स्टाफ।

**मुंगेली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में नए सीएमएचओ के रूप में डॉ. शीला साहा ने 27 जून को पदभार ग्रहण किया। कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने नए सीएमएचओ का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। डॉ. शीला साहा ने कार्यालय का निरीक्षण करने के पश्चात स्टाफ के अधिकारी-कर्मचारियों से उनसे परिचय प्राप्त करते हुए कामकाज की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि पूर्व में पदस्थ सीएमएचओ डॉ. प्रभात सिंह प्रभाकर का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा में स्थानांतरण हुआ है। डॉ. शीला साहा का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर से स्थानांतरण पश्चात मुंगेली सीएमएचओ के रूप में मुंगेली में पदभार ग्रहण किया। नए सीएमएचओ ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में विशेष प्रयास करेंगी। स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में आवश्यकता पड़ने पर जिला चिकित्सालय में भी अपनी सेवाएं देंगी। स्वास्थ्य विभाग में संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अच्छे से कराया जाएगा।

## पुलिस ने जन चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक



**तखतपुर।** जन जागरूकता को लेकर पुलिस ने बांधा में जन चौपाल लगाकर लोगों से अपराध और अपराधियों की गतिविधियों पर चर्चा की। जूनापारा चौकी अंतर्गत ग्राम बांधा में ग्रामीणों को अपराध व उससे बचने को लेकर जागरूक करने के लिए जन चौपाल लगाकर चर्चा का गई। इस दौरान चौकी प्रभारी संजीव कुमार ठाकुर ने ग्रामीणों को चेतना अभियान आओ संवारे कल अपना अभियान, सियान चेतना अभियान, नशे के विरूद्ध अभियान साइबर फ्राड सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हम नशे से जितना दूर रहेंगे, उतने ही दूर हमसे अपराध रहेगा, क्योंकि नशा करने के बाद व्यक्ति का मस्तिष्क काम नहीं करता एवं उसके सोचने समझने की शक्ति क्षीण हो जाती है। ऐसी स्थिति में वह कुछ भी अपराध कर देता है, जिसका उसे बाद में पछतावा होता है। इसलिए हम सभी नशे से दूर रहें।

### महामाया मंदिर में हवन और कन्या पूजन



मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

**तखतपुर।** गुप्त नवरात्रि की अष्टमी पर नगर के मां महामाया मंदिर में हवन और कन्या पूजन किया गया। गुप्त नवरात्रि के पहले दिन विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया एवं और पूरे नौ दिनों तक रात्रि में माता का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसका दर्शन करने के श्रद्धालु रात को पहुंचते थे। गुप्त नवरात्रि के अवसर पर अष्टमी को नगर के महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता सुबह से लगा रहा। दिन भर लोग मां के दरबार में मत्था टेकते रहे। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से अष्टमी के अवसर पर हवन किया गया और कन्या पूजन का आयोजन किया गया। साथ ही देवी मां को भोग लगाया गया तथा विशेष श्रृंगार भी किया गया। इसके साथ ही देवी स्वरूप नव कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, आचार्य पंडित बलभद्र दुबे तिलक ताम्रकार, सूरज सिंह ठाकुर, मुन्ना गोस्वामी, राजेन्द्र गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चेतना वरिष्ठ महिला संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



वरिष्ठ नागरिक महिला संघ के गठन में नगर की महिलाओं ने उत्साह दिखाते हुए चेतना वरिष्ठ महिला संघ मुंगेली के नाम पर जिला स्तरीय संघ गठित की। संघ में 11 कार्यकारणीय सदस्य बनाए गए।

बैठक में संरक्षक सरिता बाजपेयी, उर्मिला सोनी, अध्यक्ष उमा शर्मा, सचिव मंजू सोलंकी, कोषाध्यक्ष प्रमिला चौरसिया, उपाध्यक्ष सावित्री सोनी, सहसचिव प्रमिला गुप्ता एवं ममता ठाकुर बनाए गए। इसके साथ 11 कार्यकारणीय सदस्य बनाए गए है। महिला संगठन के मामले में प्रदेश में दुर्ग भिलाई के बाद मुंगेली के महिलाओं ने स्वस्फूर्त उत्साह दिखाया है और नगर के सभ्रांत व प्रतिष्ठित परिवार के महिलाओं ने उत्साह दिखाते हुए शुरूवात लगभग 50 सदस्यों से की है। अपनी पहली बैठक में ही इस संघ को संक्रियता से चलाने के लिए वरिष्ठ नागरिक संघ से बैठक पंजीयन व कार्यशैली के लिए जानकारी ली। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष व मुंगेली जिला के अध्यक्ष धनेश सोलंकी ने मार्गदर्शन देते हुए बताया कि पंजीयन संबंधित जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्य करने का मार्गदर्शन दिया और प्रदेश व देश के लिए संगठन की प्रबद्धता की जानकारी देते हुए उनसे जुड़ने की जानकारी दी। संघ के सचिव प्रमोद पाठक ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की यह संस्था आगे अपना स्थान बनाएंगी। संघ के कोषाध्यक्ष लवबीर गुप्ता ने प्रेरित किया। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी ने भरोसा दिलाया कि हर कार्यक्रम में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। संघ के अध्यक्ष उमा शर्मा ने वरिष्ठ नागरिक के पदाधिकारियों को मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने कम समय में संगठित होने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सोनी ने किया गया। आभार प्रदर्शन प्रमिला चौरसिया ने किया। इस अवसर शीला जायसवाल, भारती गोवर्धन, सुलभा पुराणिक, विनता अग्रवाल, रिता सिन्हा, बीना ठाकुर, मनोरमा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य मौजूद थीं।

### जिले में 2 लाख 38 हजार से अधिक हितग्रहियों को खाद्यान्न वितरण

**मुंगेली।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारकों को पात्रता अनुसार जून से अगस्त माह का एकमुश्त चावल 31 जुलाई तक प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी को प्रचलित सभी राशनकार्डधारियों को माह जून से अगस्त तक का पात्रतानुसार चावल का वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 3 माह की पात्रता अनुसार चावल वितरण की सूचना सभी उचित मूल्य की दुकानों में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के साथ ही वंचित हितग्राहियों को 31 जुलाई तक खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु सूचित करने के निर्देश दिए हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 2 लाख 51 हजार 747 आबंटित राशनकार्डों में से 2 लाख 38 हजार 661 राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है। खाद्यान्न वितरण के मामले में प्रदेश में जिले का चौंथा रैंक है।

## बिल्हा पुलिस ने पासीद गांव में चलाया जागरूकता अभियान



**बिल्हा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में चेतना जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सप्तम सोपान के तहत जुलाई में सियान चेतना माह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बिल्हा पुलिस ने ग्राम पासीद के सरपंच दीनू यादव के सहयोग से गांव की हाई स्कूल में सियान चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान गांव के वरिष्ठजन फिरंताराम केवर्त, मोहितराम केवर्त, झड़ीराम साहू, मनीराम सोनी, लखनदास मानिकपुरी, दिनेश जायसवाल, दाउराम मरावी, मालिकराम जायसवाल एवं वरिष्ठ महिलाओं का शाल, श्रीफल व पुष्पमाला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से समाज के बुजुर्गो की सुरक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, संरक्षण एवं उचित देखभाल हेतु आग्रह किया गया। इस मौके पर सड़क दुर्घटनाओं से बचने सड़क पर बैठे मवेशियों को आवश्यक तौर पर हटाने का आग्रह लोगों से किया गया। सायबर फ्रॉड से बचने एवं शिकार होने की दशा मे 1930 पर कॉल कर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराने जानकारी दी गई। बालक व बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे मे जानकारी देकर बच्चों की समुचित देखभाल हेतु आग्रह किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठों, जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के साथ शाला परिसर मे पौधरोपण किया गया। इस दौरान शाला के प्राचार्य शिवकुमार जोशी, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक नवीन साडिल्य, शिक्षक इन्द्रकांत सोनके, चंद्रकांत, स्कूल की शिक्षिकाएं, गांव के सरपंच दीनू यादव, उपसरपंच नोहरदास सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं अतिक्रमण पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# कलेक्टर-एसपी ने किया लोरमी के विभिन्न स्थानों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



निर्माण कार्य का निरीक्षण करते अफसर।

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं एसपी भोजराम पटेल ने गुरुवार को लोरमी के विभिन्न स्थानों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने शिवघाट मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए मनियारी तट को धार्मिक-पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु नगरपालिका अधिकारियों को आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राचीन नर्मदा कुंड के बहते स्रोत को बनाए रखने की पहल करने कहा। कलेक्टर एवं एसपी ने शाला भवन, मानस मंच, सड़क, चौपाटी, सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण कार्य सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने सड़कों पर अनावश्यक अतिक्रमण से ट्रैफिक व्यवस्था बाधित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्माणाधीन अटल परिसर को समय सीमा में पूर्ण करने, आसपास सुंदर चौपाटी विकसित करने और शहर में फैले अनियोजित ठेले आदि को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। एसपी ने पूर्व निर्मित थाना परिसर को सीएसपी कार्यालय एवं निवास के रूप में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाली सरकारी जमीन को बाउंड्री वॉल कर इसे आमोद-प्रमोद स्थल के रूप में तैयार करने हेतु कार्ययोजना बनाने को कहा।

#### ठेकेदारों की बैठक लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर ने नगरपालिका के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु नगर के विश्राम गृह में ठेकेदारों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम में नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्माण स्थलों पर आवश्यक बैरिकेटिंग लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अजीत पुजारी, नगर पालिका सीएमओ चन्दन शर्मा, तहसीलदार शेखर पटेल एवं अन्य ब्लॉक स्तर अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## चिकन-मीट की दुकानों के लिए जगह का चिन्हांकन, एक सप्ताह में शिफ्टिंग



**पथरिया।** नगर के विभिन्न स्थानों पर खुल रही चिकन और मीट के दुकानों से फैल रही गंदगी और बदबू से नगरवासियों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने इन दुकानों को एक स्थान पर लगाने का निर्णय लिया है। एसडीएम अजय शतरंज से मिली जानकारी अनुसार मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर नगर की चिकन और मीट दुकानों का व्यवस्थापन किया जा रहा है।

दुकान लगाने के लिए प्रशासन द्वारा साप्ताहिक बाजार स्थल के किनारे मंडी के पीछे की जगह चिन्हांकित किया गया है। बता दे कि पिछले दिनों कलेक्टर कुंदन कुमार पथरिया प्रवास पर थे और नगर में स्वच्छता पर विशेष जोर देने की बात कही थी। इसके परिपालन में एसडीएम पथरिया अजय शतरंज, सीएमओ अनुराधा राजमणि ने मीट मार्केट के लिए जगह का चिन्हांकित किया और गुरुवार को नगर के चिकन मीट दुकानदारों की बैठक बुलाकर सहमति बनाने का प्रयास किया। इस पर दुकानदारों ने प्रशासन के चिन्हित स्थान पर दुकान लगाने की सहमति दी है। बैठक में तहसीलदार छाया अग्रवाल, टीआई रघुवीर चंद्रा ने चिकन व मीट व्यपारियों को स्वच्छता के लिए विशेष व्यवस्था करने और चिन्हांकित स्थान पर ही दुकान लगाने हिदायत दी।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक में भिड़ंत एक की मौत



**बिलासपुर।** दो बाइक के बीच आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, बलरामपुर तिरकुंडा महावीरगंज निवासी राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. विनोद गुप्ता 23 साल बुधवार की रात 12.30 बजे बाइक क्रमांक सीजी 15 बीक्यू, 9710 से महावीरगंज लौट रहे थे। मदनपुर के पास नेशनल हाइवे में पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएस, 9742 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से राकेश कुमार गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई मुकेश गुप्ता की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नहाते समय नाले में डूबकर बालक की मौत

**बिलासपुर।** नहाते समय नालेका बहाव तेज होने पर एक बालक की नाला में डूबकर मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, ग्राम रिंगवार निवासी जितेन्द्र पैकरा पिता दशरथ पैकरा 15 साल गांव के नाला में नहा रहा था। अचानक पानी का बहाव तेज होने से चपेट में आकर बह गया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने नाला में तलाश की तो उसकी झाड़ियों में फंसी लाश मिली। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### अश्लील मैसेज करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** वाट्सएप में अश्लील मैसेज भेजकर दो पीड़िताओं को बदनाम करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर को क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई उनके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम में दोस्ती कर जबरदस्ती मिलने के लिए दबाव बनाया। उन्होंने मना किया तो अश्लील वीडियो व फोटो भेजकर प्रसारित करने की धमकी देने लगा। पुलिस ने जांच के बाद अम्बिकापुर दरिमा कमकालो निवासी निखिल दुबे पिता अयोध्या प्रसाद दुबे 32 साल को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी घटना में 6 फरवरी 2025 को एक पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। पूर्व में वह प्रमोद नवरत्न के खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट लिखाई थी। जिससे उसका साथी अजीत धृतलहरे नूतन चौक में रास्ता रोककर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया। मना करने पर धमकी देते हुए फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर बदनाम किया गया था। पुलिस ने आरोपी मुंगेली फास्टरपुर अमलीडीह निवासी अजीत कुमार पिता उतरा धृतलहरे 35 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा तस्करी: महिला ओडिशा से गिरफ्तार



**बिलासपुर।** गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने ओडिशा में दबिश देकर मुख्य सप्लायर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत थाना टीआई गोपाल सतपथी ने बताया,15 मई को मटियारी निवासी बाल कृष्ण सिसोदिया उर्फ अर्जून, देवकुमार सूर्यवंशी को पकड़कर 22 किलो 345 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। दोनों से पूछताछ करने के बाद एण्ड टू एण्ड कार्रवाई के तहत पुलिस ने ओडिशा में दबिश देकर गांजा की मुख्य सप्लायर बिरनरसिंह मौपड़ा बौध ओडिशा सनिवासी मिनाती साहू पति दशरथ साहू 40 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**नगर निगम** — अप्रैल माह में हुई थी पहली सामान्य सभा, अभी न तो तिथि निर्धारित हुई और न कोई तैयारी चल रही

# सामान्य सभा को लेकर खींचतान, सभापति व मेयर आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




नगर निगम में सामान्य सभा को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। निगम सभापति विनोद सोनी ने सामान्य सभा आयोजित करने के लिए अभी तक तीन बार पत्र लिख चुके हैं, लेकिन इसे लेकर अभी न तो तिथि निर्धारित हुई है और न ही कोई तैयारी चल रही है।

नगर निगम में भाजपा की सत्ता है और भाजपा के महापौर सहित पार्षदों की संख्या भी अधिक है। निगम चुनाव और शपथ ग्रहण के बाद पहली सामान्य सभा 16 अप्रैल को हुई थी, जिसमें निगम का बजट पास हुआ था। इस तरह सामान्य सभा हुए यह तीसरा माह बीत रहा है। इस बीच सामान्य सभा को लेकर खींचतान चालू हो गई है। सभापति ने अब तक तीन बार सामान्य सभा आयोजित करने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पहला पत्र 27 मई को लिखा था, उसके बाद जून माह में 12 व 20 जून को दो पत्र लिखे हैं। महापौर श्रीमती पूजा विधानी फिलहाल सामान्य सभा बुलाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए सभापति के पत्र पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है और न ही सामान्य सभा को लेकर कोई सुगबुगाहट दिखाई दे रही है।

### पत्र में इन विषयों का हवाला

सभापति श्री सोनी ने अपने पत्र में नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 27 में निहित प्रावधानों का उल्लेख करते हुए प्रत्येक दो माह के अंतराल में सामान्य सभा की बैठक किए जाने की बात कही है। उनके अनुसार वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है और बारिश से जगह-जगह नालियां जाम होने से जलभराव की समस्या सामने आ रही है। इसके साथ ही वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम तथा दूषित पेयजल से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम अन्य मांग, समस्याओं के समाधान तथा सामान्य सभा के लिए विचार एवं निर्णय के लिया जाना चाहिए। पूर्व परिषद द्वारा जाति संबंधित अनेकों प्रस्ताव जो मेयर इन काउंसिल स्वीकृत होकर सामान्य सभा के लिए अनुशंसित है और वर्तमान परिषद से मेयर इन काउंसिल से सामान्य सभा के लिए अनुशंसित अनेक विषय लंबित हैं।

### कांग्रेस शासनकाल में एक साल नहीं हुई थी सामान्य सभा

नगर निगम में पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस सत्ता में थी और कांग्रेस के महापौर रामशरण यादव एवं सभापति शेख नजरूद्दीन रहे। लेकिन पूरे कांग्रेस शासनकाल में भी निगम में सामान्य सभा को लेकर खींचतान चलती रही। कांग्रेस के समय 29 फरवरी 2024 को अंतिम सामान्य सभा हुई थी, उसके बाद सभापति श्री नजरूद्दीन कई बार सामान्य सभा बुलाने पत्र लिखे। यहां तक कांग्रेस के पार्षदों ने नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा-30 के प्रावधानों का हवाला देते हुए मांग की थी कि महापौर को अध्यक्ष के असमर्थ होने पर स्वास्थ्यगत कारण से यह शक्ति प्राप्त है कि एक तिहाई पार्षदों के पत्र पर विशेष सम्मेलन, सामान्य सभा आयोजित किया जा सकता है। कांग्रेस के पार्षदों ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र भी महापौर रामशरण यादव को दिया था, जिसे महापौर ने निगम आयुक्त को भेज दिया था। इस तरह कांग्रेस महापौर और पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया और सामान्य सभा नहीं हो पाई।

### दो माह में होनी चाहिए सामान्य सभा

नगर पालिक अधिनियम में प्रत्येक दो माह में सामान्य सभा कराने का प्रावधान है। इसके अलावा बरसात आ गई है, जिससे जलभराव की समस्या एवं पूर्व के जाति प्रमाण पत्र जैसे विषय लंबित हैं, जिन पर सामान्य सभा में अनुमोदन होना है, इसलिए सामान्य सभा बुलाने पत्र लिखा गया है।

**-विनोद सोनी**
सभापति, नगर निगम

### अभी कोई तैयारी नहीं है

सामान्य सभा को लेकर अभी कोई तैयारी नहीं है, क्योंकि इसके लायक अभी कोई एजेंडा भी नहीं है। इसके अलावा नगर निगम में सामान्य सभा हुए दो माह ही हुए हैं। इसलिए इस संबंध में कोई निर्णय नहीं हुआ है।

**-श्रीमती पूजा विधानी**
महापौर

---

दो-दो सौ मीटर सड़क व नाला का अब तक नहीं हो पाया निर्माण

# अटकेगा चांटीडीह-अपोलो मार्ग पर सड़क और नाले का काम



चांटीडीह-अपोलो सड़क नाला का कार्य अधूरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 3 करोड़ 27 लाख की लागत से बन रहा

चांटीडीह से अपोलो अस्पताल मार्ग में करीब 3 करोड़ 27 लाख राशि की लागत से चौड़ी सड़क व नाला का निर्माण कराया जा रहा है। अभी तक लगभग 200-200 मीटर सड़क और नाला का काम हो पाया है। लेकिन अब बरसात शुरू हो गई है, जिससे यह सड़क, नाला का काम अटक सकता है।

नगर निगम द्वारा चांटीडीह से अपोलो मार्ग होते हुए मानसी चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 3 करोड़ 27 लाख राशि की लागत से निर्माण कार्य चालू भी हो गया है। मानसी चौक की ओर से कार्य शुरू किया गया है और लगभग 200-200 मीटर सड़क एवं नाला का काम हो गया है। लेकिन बरसात शुरू हुई है, ऐसे में इस सड़क और नाला निर्माण कार्य अटक सकता है। नगर निगम द्वारा बरसात लगने के पहले चांटीडीह-अपोलो मार्ग के किनारे सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने, जितने भी बेजा-कब्जा थे उनको हटाने की मुहिम चलाई गई। इसके पूर्व इस मार्ग में सड़क किनारे बेजा-कब्जा का सर्वे कराया गया था। इसमें तीन सौ से अधिक बेजा-कब्जा पाया गया था, जिसमें कच्चे-पक्के मकान से लेकर दुकान, होटल एवं सब्जी दुकान आदि शामिल थे। पिछले माह ही निगम द्वारा इस मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चालू की गई और लगातार निगम अमला द्वारा बुलडोजर से अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की गई। तोड़फोड़ कार्रवाई को लेकर विरोध भी हुआ था। इसी तरह चांटीडीह के जिन व्यापारियों के दुकान एवं सब्जी विक्रेताओं के चबूतरे तोड़े गए हैं, उनके द्वारा भी विरोध किया गया था। उनका कहना था कि नगर निगम द्वारा बिना सूचना दिए अचानक उनकी दुकानों को तोड़ा गया। निगम प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के उनकी दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस अचानक हुई कार्रवाई के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है तथा रोजी-रोटी पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

### चलता रहेगा काम

चांटीडीह-अपोलो मार्ग सड़क चौड़ीकरण, नाला का काम टेंडर प्रक्रिया के बाद चालू हो गया है। कुछ दूरी तक सड़क और नाला बन भी गया है। बरसात लगने से काम नहीं अटकेगा, क्योंकि अपने यहां उतनी तेज बारिश नहीं होती है। इसलिए सड़क का काम थोड़ा प्रभावित होगा पर नाला का काम हो सकता है।

**-राजकुमार मिश्रा**
सीई, नगर निगम

---

# नियम ताक पर, काली फिल्म के साथ फर्राटा भर रहीं गाड़ियां

- सड़क पर ही नहीं होती है चेकिंग
- यातायात के कैमरे भी चेक नहीं किए जा रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की हर सड़कों पर लग्जरी गाड़ियां काली फिल्म लगाकर फर्राटा भर रही हैं। कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और इनको टोकने वाला कोई नहीं है। वहीं आम आदमी जेब्रा क्रासिंग भी पार कर जाए तो पुलिस महकमा नोटिस भेजकर चालान वसूल कर रहा है।

पुलिस केवल चौक चौराहों पर बाइक सवारों पर कार्रवाई कर रही है। तीन सवारी व बिना लाइसेंस को लेकर कार्रवाई करते पुलिसकर्मी नजर आते हैं। पुलिस चारपहिया वाहन में काली फिल्म लगाकर घूमने वालों पर कार्रवाई करने से पीछे हट रही है। लग्जरी कार के शीशे में काली फिल्म लगाई जाती है। यह पूरी तरह गैर कानूनी है। काली फिल्म लगे वाहनों पर सवार अपराधी अपराध को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करता। इसके कारण शहर में काली शीशे वाले व्यावसायिक और निजी वाहन बेधड़क चलते दिखते हैं।

### यह हैं नियम

केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली तहत वाहनों की खिड़कियों के शीशे काले या रंगीन नहीं होने चाहिए। नियम के अनुसार वाहनों की खिड़कियों के साइड विंडो शीशा कम से कम 50 प्रतिशत और सामने और पीछे का शीशा 70 प्रतिशत पारदर्शी होना चाहिए। केंद्रीय मोटरवाहन नियमावली 1989 के नियम के तहत वाहनों में लगे काले शीशे को हटाने का प्रावधान है।मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 177 और 179 के तहत काला शीशा लगाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

### की जाती है कार्रवाई

हमारी टीम लगातार पेट्रोलिंग कर ऐसे वाहनों की पहचान करती है और इंटरस्पेटर के जरिए कांच की थिकनेस ली जाती है। चालानी कार्रवाई में कई बार ऐसी कार पकड़ाई है और कांच से फिल्म हटाई जाती है।

**-राम गोपाल करियारे**, एडिशनल एसपी, यातायात विभाग

**अपराधियों को मिलती है शहः** पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग काला शीशा लगे वाहन के अंदर कौन है, अपराधी हैं या वीआईपी, इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है न लोगों को। काले शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता आया है और उन्हें शह भी मिल रही है। कारों से हत्या और अपहरण की वारदातों को अंजाम दिया जा सकता है। आपराधिक चरित्र वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं।

---

# रोज मिल रहे डायरिया के मरीज, फिर भी स्वास्थ्य विभाग नहीं लगा सका लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर में डायरिया काल बन रहा है,रतनपुर में गंदे पानी पाने के कारण डायरिया फैल गया है। यहं रोजाना 12 से 15 नए मरीज मिल रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 17 बेड फूल हो गया है। ऐसे में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और मरीज अपने घर में ही इलाज कराने के लिए मजबूर है। खास बात यह है कि 5 दिनों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने ना तो पानी का सैंपल जब्त किया है और ना ही स्थिति को कंट्रोल किया जा सका है। यही कारण है कि रोजाना मरीज मिल रहे हैं।

रतनपुर में नगर पालिका की लापरवाही के चलते गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। जिसके चलते डायरिया चुका है। पिछले साल भी इसी मौसम में 150 से अधिक डायरिया के मरीज मिले थे। यहां लगातार डायरिया के नए मरीज मिल रहे हैं। पिछले 48 घंटे में अस्पताल के 45 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। गिरजाबंद, नवागांव से मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है रोजाना 10 से अधिक मरीज मिल रहे हैं। गुरूवार को 7 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

### नवागांव और गिरजाबंद में मिले ज्यादा मरीज

रतनपुर के नवागांव, कर्रा, गिरजाबंद, महामायापारा में फिर घरों-घर डायरिया का कहर है। बीते सोमवार को 13 और मंगलवार को 23 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके बाद लगातार नए मरीज मिल रहे हैं। स्थिति यह है कि अस्पताल में अब मरीजों को भर्ती करने के लिए जगह नहीं है, बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी क्षेत्र का दौरा नहीं कर पाए है। प्रभावित इलाकों में कैंप लगाकर महज क्लोरिन की दवा बांट दी गई है।

### डॉक्टर तक नहीं है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में केवल एक डॉक्टर और सीमित स्टाफ है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। डाक्टर नहीं होने के कारण अस्पताल में मरीजों की स्थिति खराब हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। वहीं रतनपुर में पदस्थ ज्यादातर कर्मचारियों को शहर के अस्पताल और कार्यालय में अटैच कर दिया गया है।

### पानी बना वजह, सुधार कार्य नहीं

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में नालियों से होकर पीने का पाइप लाइन जा रहा है। इसी की वजह से ही क्षेत्र में डायरिया फैल रहा है, नगर पालिका परिषद और स्वास्थ्य विभाग इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अबतक पानी का सैंपल भी कलेक्ट नहीं किया गया है। सीएमएचओ डॉ शुभा गढ़ेवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र का सर्वे कर चुकी है। लोगों को जागरूक किया गया है और क्लोरिन की दवा बांटी गई है। इस दौरान एक भी रिफर का केस नहीं मिला है।

### गांजा तस्करी करने वाला सरगना गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जेल से छूटने के बाद फिर ओडिशा से गांजा मंगाकर बिक्री करने वाले फरार सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 2 जुलाई को मस्तूरी पुलिस ने कार में ओडिशा बरगढ़ से गांजा लेकर आ रहे पंधी निवासी नीरज वर्मा उर्फ मोनू 20 साल को पकड़कर 20 किलो गांजा बरामद किया था। पूछताछ में उसने गनियारी निवासी विनोद वर्मा के द्वारा गांजा मंगाना बताया गया। 3 जुलाई को मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने एण्ड टू एण्ड के तहत कार्रवाई करते हुए गांजा मंगाने वाले फरार सरगना गनियारी निवासी विनोद वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व में ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को कार्टून में गांजा ले जाते पकड़ा था। दोनों युवकों ने आरोपी विनोद वर्मा के कहने पर ओडिशा से गांजा लाना बताया था। सरकण्डा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद विनोद वर्मा फिर से ओडिशा से गांजा मंगाकर बिक्री कर रहा था।



# डॉक्टर के सूने मकान में चोरों का धावा, जेवर-नकद ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डाक्टर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर कीमती जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा सोनगंगा कालोनी निवासी डा. अमिता दुबे पति राहुल बिल्हा सीएचसी में चिकित्सा अधिकारी है। उनका एक मकान में उसलापुर गिरधर विहार में है। जहां कुछ सामान शिफ्ट किया गया है। 30 जून को वे उक्त मकान में ताला लगाकर सोनगंगा कालोनी आ गई थी। 2 जुलाई को सुबह 11 बजे गिरधर कालोनी मकान में गई तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी के उपर स्टील पेटी का ताला तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, पायल, 2 चांदी का सिक्का, 4 हजार रुपए नकद चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने डा. दुबे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह नारायणी होम्स गोकुलधाम निवासी सोमदेव कर्ष 2 जुलाई को सुबह 11.30 बजे काम से रजिस्ट्री आफिस गए और अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एजेड़, 4792 खड़ी कर अंदर चले गए। काम निपटाकर बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। एक दिन पहले 1 जुलाई को मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी जयलाल निर्मलकर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 जेड, 5376 रजिस्ट्री कार्यालय के सामने खड़े किया था। काम निपटने के बाद आफिस से बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस सभी मामले में केवल अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

### तीन दिन में तीसरी चोरी

पिछले कुछ दिनों से चोर गिरोह सिविल लाइन क्षेत्र में सक्रिय होकर सिलसिलेवार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। बीते 1 जुलाई को शांतिनगर निवासी रिटायर्ड अधिकारी राकेश गुप्ता, 2 जुलाई को मुंगेलीनाका स्थित जूता दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई और एक बार फिर उसलापुर में डाक्टर के सूने मकान में चोरी हो गई है।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# अस्पताल में डॉक्टर से हुज्जतबाजी युवकों ने की वार्ड बॉय से मारपीट

**बिलासपुर।** रतनपुर अस्पताल में इलाज कराने आए युवकों ने डाक्टर की कालर पकड़कर हुज्जतबाजी करते हुए वार्ड बॉय के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, बुधवार को 10 से 12 युवक एक युवक को इलाज कराने के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर गए। उनके मनमाफिक इलाज नहीं होने पर युवकों ने ड्यूटी में उपस्थित डाक्टर की कालर पकड़कर हुज्जतबाजी करते हुए जमकर उपद्रव मचाया, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। एक वार्ड बॉय ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर गाली गलौज की है। युवकों के उपद्रव से स्टाफ डरा हुआ है। पुलिस ने डाक्टर की शिकायत पर हमलावर युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 121, 1, 132, 221, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

बताया जाता है हमलावर स्थानीय रतनपुर के रहने वाले हैं। डाक्टर के आग्रह करने पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रतनपुर पुलिस ने मामले को सेंसिटव में डाल दिया है।

### एक और स्पेशल ट्रेन चलेगी दुर्ग से पटना के बीच 7 से

**बिलासपुर।** एक दिन पहले रेल प्रशासन ने दुर्ग से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके बाद यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए एक और स्पेशल ट्रेन का परिचालन 7 जुलाई से करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 08797 दुर्ग-पटना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 7, 14, 21, 28 जुलाई को प्रति सोमवार और विपरीत दिशा में पटना से 08798 नम्बर के साथ पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल बनकर 8, 15, 22, 29 जुलाई को प्रति मंगलवार को चार फेरे के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन दुर्ग से 13.15 बजे रवाना होकर रायपुर, भाटापारा होकर बिलासपुर दोपहर 15.55 बजे होते हुए पटना दूसरे दिन 15.30 बजे पहुंचेगी। वहीं पटना से 17.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 16.50 बजे रायगढ़, चांपा होते हुए बिलासपुर शाम 19.05 बजे पहुंचा करेगी। ट्रेन में दो कोच एसी थ्री के, 13 स्लीपर कोच रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, माँ मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ , जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशि:-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411